Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 206 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 04 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**

आज धर्म के नाम पर अधर्म का कार्य किया जा रहा है।

Today irreligious act is going on in the guise of religion.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा का शेड्यूल जारी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 17 मार्च से 5वीं और 18 से 8वीं बोर्ड के एग्जाम होंगे। शिक्षा विभाग ने परीक्षा लेने से लेकर रिजल्ट जारी करने का ब्लूप्रिंट भी साझा किया है। जिसमें परीक्षा पैटर्न, मूल्यांकन प्रक्रिया और अन्य बाकी दिशा-निर्देश बताए गए हैं। खास बात यह है कि, सप्लीमेंट्री एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को भी अगली क्लास में प्रमोट किया जाएगा। क्वेश्चन पेपर लोक शिक्षण संचालनालय के ब्लूप्रिंट के अनुसार तैयार किए जाएंगे। जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञों की कमेटी बनेगी, जो हर सब्जेक्ट के 3 सेट तैयार कर ष्शह्व को सौंपेगी।

### सोना ऑलटाइम हाई पर, चांदी सस्ती हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोना आज यानी 3 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 618 रुपए बढ़कर 82,704 रुपए हो गया है। इससे पहले सोना 82,086 रुपए पर था। 31 जनवरी को सोने ने 82,165 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी के दाम में आज गिरावट रही। ये 220 रुपए सस्ती होकर 93, 313 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले चांदी 93, 533 रुपए किलो थी।

## गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आदिवासी समाज को मिला सत्य सनातन धर्म का बोध: सीएम साय

**श्रीकोट आश्रम में गुरुमाता पूर्णिमा जी के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** यह हम सभी के लिए अत्यधिक गौरव का विषय है कि हम इस पवित्र स्थल पर एकत्रित होकर परम पूज्य संत गहिरा गुरु जी और माता पूर्णिमा जी के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माता पूर्णिमा जी का जीवन पूरी तरह से त्याग, तपस्या और समाज सेवा की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत करता है। उनका विग्रह समाज के कल्याण के प्रति उनके अडिग समर्पण का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज श्रीकोट आश्रम बलरामपुर में परम पूज्य संत गहिरा गुरु की धर्मपत्नी पूर्णिमा जी के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के विशेष अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि संत गहिरा गुरु जी ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी समाज की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने दीन-हीन और असहायों की सेवा को अपना परम धर्म माना और सत्य, शांति, दया और क्षमा के सिद्धांतों को धर्म के अमूल्य स्तंभ के रूप में स्थापित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने संत गहिरा गुरु जी द्वारा आदिवासी समुदायों के उत्थान में दिए गए अतुलनीय योगदान की सराहना की। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को इस पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी और उन्हें आह्वान किया कि वे माता पूर्णिमा जी और संत गहिरा गुरु जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारते हुए समाज को एक नई दिशा देने हेतु मनोयोग से जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आने पर मुझे माता के विग्रह के दर्शन सौभाग्य मिला, उनका सजीव और मनोरम विग्रह देखकर ऐसा लगा मानो किस क्षण वह बोल उठे। श्री साय ने गहिरा गुरु जी का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरु जी आदिवासी समाज के बड़े संत हुए, जिनके उपदेशों और कथनों के जरिए पूरे समाज ने सत्य सनातन धर्म का महत्त्व जाना। उन्होंने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास से पिछड़े हुए आदिवासी समुदाय के जीवन में गहिरा गुरु महाराज के उपदेशों से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक सुधार आया। श्री साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि गहिरा गुरु समाज का आशीर्वाद मुझे मिलता रहा। रायगढ़ के सांसद रहते गहिरा गुरु महाराज के जन्म ग्राम को गोद लेकर उसका विकास करने का सौभाग्य मिला। आज उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज आगे बढ़ रहा है। जगह-जगह संस्कृत महाविद्यालय खुल रहे हैं और आदिवासी समाज लगातार आगे बढ़ रहा है। समारोह में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महाकुंभ का आखिरी अमृत स्नान 2.30 करोड़ ने डुबकी लगाई

**संगम से 10 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की भीड़, 30 देशों से लोग पहुंचे**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान जारी है। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं। सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। अब तक 13 में से 10 अखाड़े स्नान कर चुके हैं।

संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर हैं। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगा रहे हैं। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए।

संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे थे।

## महाकुंभ भगदड़ पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**कहा- घटना दुर्भाग्यपूर्ण, हाईकोर्ट जाएं; याचिका में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स की मांग**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गाइडलाइन्स जारी करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस दलील पर संज्ञान लिया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने 29 नवंबर को कुंभ में भगदड़ की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने को कहा।

दरअसल, कुंभ में भगदड़ को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी ने जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें देशभर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश देने और नियमों का पालन कराने की मांग की गई थी। मौनी अमावस्या पर 28/29 जनवरी की रात करीब डेढ़ बजे संगम नोज पर भगदड़ मच गई थी।

## संसद में खड़गे बोले- महाकुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए

**धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा, जवाब दिया- सही आंकड़ा बताएं, माफी मांग लूंगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, सपा समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- 29 जनवरी को महाकुंभ में हुई भगदड़ में मारे गए हजारों लोगों को मेरी श्रद्धांजलि। राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें बयान वापस लेने को कहा।

जवाब में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि, यह मेरा अनुमान है। अगर आंकड़े सही नहीं हैं तो सरकार को बताना चाहिए कि सच्चाई क्या है। मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा, लेकिन कितने लोग मारे गए, यह जानकारी तो दीजिए।

## नई दिल्ली में पीएम मोदी से राज्यपाल रमेन डेका ने की मुलाकात

## राहुल ने मोदी की तारीफ की, यूपीए की गिनाई खामियां

**बजट सत्र में बोले- मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, बेरोजगारी का जवाब यूपीए कभी नहीं दे पाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाषण दिया। राहुल ने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। आज मैं बताऊंगा कि उनका संबोधन कैसा हो सकता था।

राहुल ने कहा- प्रधानमंत्री का %मेक इन इंडिया% एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं पीएम को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद राहुल बोले- भले हम तेजी से बढ़े हैं, लेकिन बेरोजगारी एक समस्या है, जिससे निपटने में यूपीए सरकार और एनडीए सरकार दोनों ही कामयाब नहीं हो सकीं।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र 'अटल विश्वास पत्र' जारी

**लोगों के सुझाव पर हुआ है तैयार, उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने लिया संकल्प**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय चुनावों के लिए अपना घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र जारी कर दिया है। यह घोषणा पत्र पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष को समर्पित है।

भाजपा ने घोषणापत्र तैयार करने से पहले प्रदेशव्यापी सुझाव संग्रहण अभियान चलाया था, जिसमें हजारों लोगों ने अपने सुझाव दिए। इन्हीं महत्वपूर्ण सुझावों को सम्मिलित कर भाजपा ने यह घोषणापत्र तैयार किया है, जो प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प है।

**नगरीय विकास और आवास-** नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाया जाएगा, जिससे सभी पट्टा धारकों को भू-स्वामी बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत स्वीकृत 3 लाख मकानों का निर्माण तेज़ी से पूरा किया जाएगा। बिजली बिल और समेकित कर चुकाने वाले परिवारों को आवास निर्माण के लिए पात्रता दी जाएगी।

**बेहतर नगरीय सेवाएँ-** माई सिटी ऐप लॉन्च किया जाएगा, जिससे नगर निगम की सभी सेवाएँ ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। सरकार तुंहर द्वार योजना के तहत शासकीय सेवाओं की डोरस्टेप डिलीवरी होगी। संपत्ति कर समय पर चुकाने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट, जबकि महिलाओं के नाम पर पंजीकृत संपत्तियों पर 25 प्रतिशत विशेष छूट दी जाएगी।

**जल आपूर्ति और स्वच्छता-** नल से जल योजना को मजबूत किया जाएगा और नए जल टैंक बनाए जाएंगे। हर घर में कचरा बाल्टी उपलब्ध कराई जाएगी और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम से कचरा संग्रहण की ट्रैकिंग होगी। -शेष पेज 5 पर

## छत्तीसगढ़ में बना धान खरीदी में नया कीर्तिमान, 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**महासमुंद जिला 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। इसमें मोटा धान 81.98 लाख मीट्रिक टन, पतला धान 10.75 लाख मीट्रिक टन और सरना धान 56.52 लाख मीट्रिक टन शामिल है। धान की यह खरीदी राज्य बनने के बाद का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत राज्य के पंजीकृत 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 31 हजार 89 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर है। वहीं बेमेतरा जिला 9.38 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर दूसरा और बलौदाबाजार-भाटापारा जिला 8.56 लाख मीट्रिक टन धान खरीदकर तीसरा स्थान हासिल की है।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 123 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 103 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है।

## दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति वाले देशों में भारत चौथे रैंक पर, पाकिस्तान हुआ परेशान

**ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स की लिस्ट जारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल फायरपावर ने साल 2025 की नई लिस्ट जारी कर दी है. ग्लोबल फायरपावर एक संस्था है, जो दुनिया भर के देशों की सैन्य शक्ति के आधार पर उनकी रैंकिंग तय करती है. लिस्ट में विश्व के सभी देशों की रैंकिंग बताई जाती है. इस बार की रैंकिंग ने पाकिस्तान को हिला दिया है।

ग्लोबल फायरपावर की ताजा रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर है. यानी भारत की सैन्य शक्ति दुनिया भर में चौथे नंबर पर है. साल 2025 की तरह ही भारत 2024 में भी दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सैन्य शक्ति थी. हालांकि, पाकिस्तान पिछली बार के मुकाबले इस बार और नीचे गिर गया है. लिस्ट में हर बार की तरह ही अमेरिका नंबर एक पर है. दूसरे नंबर पर रूस और तीसरे नंबर पर चीन काबिज है।

ग्लोबल फायरवार इंडेक्स 60 मानकों के आधार पर सेनाओं की ताकत का मूल्यांकन करता है. जैसे- सैन्य इकाइयां, लॉजिस्टिक्स, वित्तीय स्थिति, तकनीकी विकास और भौगौलिक स्थिति आदि मानक शामिल हैं।

**2025 की टॉप-10 सैन्य शक्तियां :** अमेरिका- पावर इंडेक्स स्कोर 0.0744। रूस- पावर इंडेक्स स्कोर 0.0788. चीन- पावर इंडेक्स स्कोर 0.0788 है। भारत- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1184. दक्षिण कोरिया- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1656. यूके- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1785. फ्रांस- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1878. जापान- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1839. तुर्की- पावर इंडेक्स स्कोर 0.1902. इटली- पावर इंडेक्स स्कोर 0.2164.

भारत का पड़ोसी देश और आतंकवाद का सरपरस्त देश पाकिस्तान 2024 में फायपावर रैंकिंग में नौवें नंबर पर था. हालांकि, इस बार लिस्ट ने पाकिस्तान को करारा झटका दिया है.

## बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं

**टूर्नामेंट तक पीठ की चोट से रिकवरी मुश्किल, हर्षित रिप्लेस कर सकते हैं**



**मुंबई (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी टेस्ट में उनकी पीठ में खिंचाव आया था। वे दर्द से परेशान हो गए थे।

BCCI के सूत्र ने दैनिक भास्कर को बताया कि बुमराह का चैंपियंस ट्रॉफी तक पीठ की चोट से रिकवर होना मुश्किल दिख रहा है। वे इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का एक भी मैच नहीं खेल पाएंगे। अगर वे फिट नहीं हो पाए तो उनकी जगह हर्षित राणा को स्क्वॉड में शामिल किया जा सकता है।

दरअसल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच के लिए टीम में रखा गया था। यह मुकाबला 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

इधर, बुमराह सोमवार को बैक इंजरी की जांच कराने के लिए बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। वे 2-3 दिन तक BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बुमराह की फिटनेस पर काम चल रहा है, यदि वे समय पर फिट हो जाते हैं, तो टीम में बने रहेंगे।

ICC ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मैच बांग्लादेश से 20 फरवरी को खेला जाएगा।

## छत्तीसगढ़ रेल बजट 2025-26 : ऐतिहासिक निवेश और विकास की नई ऊंचाईयां

**बिलासपुर/ रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय रेलवे द्वारा प्रस्तुत बजट 2025- 26 में छत्तीसगढ़ राज्य में रेल विकास कार्यों के लिए ऐतिहासिक निवेश किया गया है, जिससे राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

**प्रमुख बजट आवंटन और विकास कार्य :** बजट आवंटन- 6, 925 करोड़ रुपए। नई रेल लाइन- पिछले 11 वर्षों में 1,125 किमी नई पटरियों का निर्माण। विद्युतीकरण- छत्तीसगढ़ का 100त्न रेलवे नेटवर्क विद्युतीकृत, पिछले 11 वर्षों में 350 किमी विद्युतीकरण। वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट- 26 परियोजनाओं में 2,768 किमी नई रेल पटरियां, कुल लागत 38, 378 करोड़ रुपए। नई परियोजना- हाल ही में मंजूर की गई सरडेगा-भालुमुड़ा नई डबल लाइन (37 किमी, 1, 360 करोड़ रुपए)। 32 अमृत स्टेशन- 1,672 करोड़ रुपए की लागत से 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण। कवच सुरक्षा प्रणाली- 1,105 रूट किलोमीटर में कवच कार्य स्वीकृत, 365 रूट किलोमीटर में कार्य प्रगति पर। स्टेशन पुनर्विकास- रायपुर स्टेशन (463 करोड़ रुपए)- बिल्डिंग का निर्माण जारी। दुर्ग स्टेशन (456 करोड़ रुपए)- पुराने स्ट्रक्चर को हटाने और निर्माण कार्य प्रगति पर। बिलासपुर स्टेशन (435 करोड़ रुपए)- मुख्य भवन की बैरिकेडिंग पूरी, यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य जारी।

**यात्री सुविधाओं में सुधार (पिछले 11 वर्षों में) :** 148 रेल पुल और अंडरब्रिज बनाए गए। 119 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा। 20 लिफ्ट और 8 एस्केलेटर स्थापित। 2 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें, 5 जिलों को जोड़ने वाली।

छत्तीसगढ़ में रेलवे के इस ऐतिहासिक विकास से यात्री सुविधाओं में जबरदस्त सुधार होगा और राज्य में आर्थिक एवं औद्योगिक प्रगति को नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### चरौदा में सीआरपीएफ ने 411 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**आरंग ( विश्व परिवार )।** सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा प्रांगण में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के डाक्टर अशोक महापत्र, डाक्टर राजेश गर्ग, डाक्टर इन्दु वशिष्ठ और डॉक्टर देवनारायण के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें 411 बच्चों शिक्षक-शिक्षिकाओं व ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार किया ।शिविर का शुभारंभ सीआरपीएफ के जवानों व बच्चों ने बैंड बाजे की ध्वनि के साथ राष्ट्रगान कर किया। इस अवसर पर डाक्टर अशोक महापात्रों ने बच्चों को प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से प्रेरित व प्रोत्साहित किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक बातें भी बताई। वहीं स्वास्थ्य शिविर कैंप की नोडल अधिकारी डाक्टर इन्दु वशिष्ठ से बच्चे काफी प्रभावित नजर आए। छोटी-छोटी बच्चियां बड़े होकर उनकी तरह बनने की इच्छा जताने लगी। गौरतलब है कि सीआरपीएफ द्वारा किए जा रहे आसपास के ग्रामों में मेडिकल कैम्प से लोगों को काफी लाभ हो रहा है। डाक्टरों ने बताया सीआरपीएफ कैंप द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूर्व माध्यमिक, नवीन प्राथमिक एवं प्राथमिक तीनों शालाओं के बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य जांच कराए। वहीं शिविर के आयोजन संयोजन में विशेष योगदान सीआरपीएफ कैंप भिलाई के जवानों तथा स्कूल प्रबंधन की अहम् भूमिका रही।

### शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में पंचमी के अवसर पर निराला जयंती का आयोजन




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार (छ.ग.) में दिनांक 03/02/2025 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर निराला जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व निराला के पूजा अर्चना से हुआ। हिन्दी विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में छात्राओं ने सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की काव्य रचनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये ।इस अवसर पर निराला के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा ने निराला के निराले व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अर्थाभाव में रहते हुए भी दीन-दुखियों की सहायता के लिए सदैव अग्रणी रहे ।उनकी साहित्य साधना को कोई भी बाधा नहीं रोक सकी, वे निरन्तर सृजन करते रहे। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी ने भी उनकी कविता 'गर्म पकौड़ी' का सस्वर वाचन करते हुए उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्याता डॉ. मंजू अग्रवाल ने भी छायावाद के आधार स्तंभों में एक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की रचनाओं की विशेषताओं को बताया। पूजा बांधे, जन भागीदारी प्राध्यापक ने निराला के प्रेरणास्पद रचनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य एम.ए.की द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की सभी छात्राओं ने निराला की रचनाओं पर अपनी प्रस्तुति दी। छात्राओं ने एक नृत्य भी प्रस्तुत किया जिसमें माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ की संस्कृति की झलक थी। कु. सुरभि वर्मा व लता साहू ने मंच संचालन किया। आभार प्रदर्शन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी ने किया।

# रायपुर नगर निगम के सर्वांगीण विकास के संकल्प पूरा करना प्राथमिकता : मिनल चौबे

### भाजपा महापौर प्रत्याशी का सघन जनसंपर्क लगातार जारी जनता का मिल रहा भारी प्रतिसाद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी मिनल चौबे ने सोमवार सुबह अपने चुनावी दौरे की शुरुआत रायपुर उत्तर विधानसभा के वीरांगना अवंती बाई वॉर्ड डी. आर . एम . ऑफिस के पास से की उनके साथ जनसंपर्क रैली में उत्तर विधानसभा विधायक पुरंदर मिश्रा एवं वॉर्ड से भाजपा प्रत्याशी खगपति सोनी प्रचार रथ में सवार होकर नगर निगम चुनाव में जनता से आशीर्वाद मांगा उसके पश्चात मिनल चौबे रायपुर उत्तर के रमण मंदिर वॉर्ड पहुंचकर पार्षद प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्यकान्त राठौड के साथ मिलकर भाजपा पक्ष में जनाशीर्वाद मांगा उसके पश्चात राजीव गांधी वॉर्ड के महेंद्र खोडियार, शहीद हेमू कालाणी वॉर्ड की पार्षद प्रत्याशी कृतिका जैन, नेताजी सुभाषचंद्र बोस वॉर्ड की पुष्पा साहू, शहीद विराणरायण सिंह वॉर्ड के प्रदीप वर्मा, गुरुघसीदास वॉर्ड महेश ध्रुव, मदर टेरेसा वॉर्ड संतोष साहू एवं सिविल लाइन वॉर्ड से संजना हियाल के साथ स्थानीय जनता से भाजपा के पक्ष में महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगा इस दौरान प्रत्याशी मिनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और वॉर्ड से भाजपा प्रत्याशियों समाज के सभी गणमान्य नागरिकों से भेंट की एवं महापौर और पार्षद में भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की सभी समाज प्रमुखों और प्रमुख सम्मानित जनों द्वारा मिनल चौबे को पूर्ण समर्थन देने आश्वस्त किया।

इस दौरान जनसंपर्क रैली में प्रचार के दौरान जगह जगह महापौर प्रत्याशी मिनल चौबे सहित भाजपा पार्षद प्रत्याशियों का स्थानीय जनता ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। प्रमुख चौक चौराहों पर कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी भी की गई। भाजपा प्रत्याशी मिनल चौबे ने आज अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई जगह जनता से संवाद भी स्थापित किया उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान आप सभी से मिल रहे स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं आपका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरे ऊर्जा का स्त्रोत है भाजपा के पक्ष में दिख रहे भारी माहौल को देखते हुए मैं आश्वस्त हूं कि इस बार रायपुर नगर निगम में भाजपा का महापौर और अधिक से अधिक भाजपा पार्षद जीत कर आएंगे रायपुर नगर निगम को लेकर हमारा एजेंडा एकदम साफ है रायपुर निगम के सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है विकास से किसी प्रकार का समझौता संभव नहीं निगम की बंदरबांट पर नकेल कसी जाएगी गत पंचवर्षीय में हुई गड़बड़ियों और घोटालों की भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि रायपुर भाजपा के कार्यकर्ता में अपरिमित क्षमता है विकट परिस्थितियों में भी भारतीय जनता पार्टी के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ी और प्रदेश में भाजपा सरकार के साथ साथ लोकसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल की नगरीय निकाय चुनाव में माहौल और जनता का मन भाजपा के पक्ष में है रायपुर की जनता ने सदैव अपना आशीर्वाद प्रदान किया है आज आप सभी के जोश और ऊर्जा के बल पर मै आश्वस्त हूं कि रायपुर नगर निगम में भी भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है।

### पुरंदर मिश्रा ने कहा- विकास भाजपा का मूलमंत्र

रायपुर उत्तर विधानसभा से भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा भी मिलन चौबे और उत्तर विधानसभा के वार्डों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान का आशीर्वाद मांगा इस दौरान विधायक पुरंदर मिश्रा ने तल्ख तेवर दिखाते हुए कहा कि भाजपा का मूल मंत्र है विकास और हमने जन घोषणापत्र में किए वादों को एक एक कर पूरा करने का कार्य किया है जबकि इसके विपरीत रायपुर नगर निगम में 15 वर्षों से कांग्रेस का कब्जा रहा परन्तु यह रायपुर निगम का दुर्भाग्य है कि इतने अवसर देने के पश्चात जनता को मायूसी के अलावा कुछ नहीं प्राप्त हुआ रायपुर निगम की हालत खस्ताहाल है कांग्रेसी महापौरों की कारगुज़ारियों से जनता अब ऊब चुकी है परेशान हो चुकी है और अब जनता निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती मिनल चौबे भारी मतांतर के रायपुर नगर निगम में महापौर बनने जा रही है।

# विश्व कैंसर दिवस 2025 : यूनाइटेड बाय यूनिक !

### कैंसर दिवस पर कैंसर के खिलाफ शिक्षित करने, समर्थन करने और लड़ने का संकल्प लें




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** हर साल 4 फरवरी को मनाए जाने वाले विश्व कैंसर दिवस का महत्व व्यक्तियों और संगठनों के बीच कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, कैंसर की जांच, रोकथाम और निदान को बढ़ावा देना और बेहतर उपचार के अवसरों की वकालत करना है।

रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. रवि जयसवाल कहते हैं, कैंसर सिर्फ एक चिकित्सा निदान से कहीं अधिक है- यह गहराई से एक व्यक्तिगत मामला है। कैंसर के साथ हर अनुभव अनोखा होता है, और यही कारण है कि हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है, एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए जहां हम बीमारी से परे देखें और रोगी से पहले व्यक्ति को देखें। जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हर साल एक नई थीम चुनी जाती है। इस वर्ष की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ एक व्यक्तिगत और जन-केंद्रित दृष्टिकोण है।

भारत में हर साल लगभग 20 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। इनमें ब्रेस्ट, सर्वाइकल और ओरल कैंसर प्रमुख हैं। उनमें से अधिकांश उन्नत चरण में मौजूद हैं जिससे इलाज की दर कम हो जाती है। स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, मौखिक, फेफड़े, कोलोरेक्टल और प्रोस्टेट कैंसर के लिए कैंसर स्क्रीनिंग उपलब्ध है ताकि इलाज की दरों को बढ़ाकर और उपचार की लागत को कम करके प्रारंभिक चरण में उनका पता लगाया जा सके। भारत में कैंसर की जांच के लिए प्रमुख चुनौती जागरूकता की कमी, सामाजिक कलंक और विशेष रूप से ग्रामीण भारत में कम सुविधाएं हैं; अक्सर देर से निदान, अधिक उपचार लागत और उच्च मृत्यु दर में योगदान देता है।

टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी जैसे कैंसर के उपचार और रोबोटिक्स और छोटे चिरे वाले सर्जरी के साथ बेहतर सर्जिकल परिणाम से देखभाल अधिक व्यक्तिगत हो गई है और उत्तरजीवीता बढ़ गई है। डॉ. जयसवाल आगे जोर देकर कहते हैं कि मैं रोगी केंद्रित दृष्टिकोण में विश्वास करता हूं; कोई भी दो कैंसर एक जैसे नहीं होते हैं और प्रत्येक रोगी एक ही प्रकार के कैंसर पर अलग-अलग प्रतिक्रिया करता है; इसलिए उत्तरजीवीता बढ़ाने के लिए रोग जीवविज्ञान की बेहतर समझ महत्वपूर्ण है।

आइए इस विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के खिलाफ शिक्षित करने, समर्थन करने और लड़ने का संकल्प लें, जब तक कि हम इस बीमारी से मुक्त दुनिया नहीं देख लेते। एक साथ हम मजबूत हैं। हम सभी मिलकर कुछ अलग कर सकते हैं।

**-डॉ. रवि जयसवाल**
**सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हेमाटो ऑन्कोलॉजी**
**रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर**

# 26 फरवरी को आयोजित होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

### नगर के प्रतिभाओं का भी किया जायेगा सम्मान

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** बलौदाबाजार जिला निर्माण की 13वी वर्ष गांठ पर जिला विकास मंच के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मलेन का आयोजन 26 फरवरी को गार्डन चौंक बलौदाबाजार में रात्रि 8 बजे से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने के लिए आयोजन समिति की बैठक नीरज नीकुंज में आयोजित की गई। जहां सर्व सम्मति से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए बलौदाबाजार विधायक व छ.ग. शासन के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए मंत्री श्री वर्मा की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी हैं। कार्यक्रम में अनेक प्रतिभाओं का सम्मान करने का भी निर्णय लिया गया है। जिला विकास मंच के संयोजक अधिवक्ता भूपेन्द्र सिंह ठाकुर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष रामाधार पटेल पत्रकार ने बताया कि उक्त कवि सम्मेलन में देश के ख्याति नाम व प्रदेश के प्रसिद्ध कविगणों की स्वीकृति मिल चुकी है। जिसमें कवि अशोक नागर, दिनेश दिग्गज, मीर अली मीर, श्रद्धा शौर्य, किशोर तिवारी, कांशीपुरी कुंदन, बंशीधर मिश्रा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देंगे।

# नवीनतम 2×25 केवी एटी प्रणाली पर आधारित पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन का दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भानुप्रतापपुर-तारोकी रेलखंड में परिचालन

### तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक ने इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए बड़ी उपलब्धि बताया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नवीनतम 2म25 केवी एटी प्रणाली पर आधारित पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को आज 03 फरवरी 2025 को भानुप्रतापपुर-तारोकी रेल खंड, रायपुर मंडल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चलाने के लिए हरी झंडी दिखाई गई। यह ट्रेन नवीनतम 2म25 केवी एटी प्रणाली पर आधारित है, जिसमें 12.3 एमवीए ऑटो ट्रांसफार्मर, एरियल अर्थ कंडक्टर और बुरियल अर्थ कंडक्टर जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है।

इस ट्रेन को स्वदेशी रूप से विकसित पहली 12, 000 एचपी ट्विन लोको (65017, ईएफ-12के सीरीज) द्वारा संचालित किया गया, जिसे इलेक्ट्रिक लोको शेड, भिलाई में रखा गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 23 ट्विन, ईएफ12 के हाई हॉर्स पावर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव है, जिनकी शुरुआती ट्रैक्टिव क्षमता 104 केएन है। इस लोको को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के अंतर्गत खोंगसरा-भनवारटंक-खोड़री रेल खंड में 5, 353 टन वजनी मालगाड़ी को 1ऽ80 (संतुलित) चढ़ाई पर 36 किमी/घंटा की संतुलित गति से सफलतापूर्वक खींचने के लिए परीक्षण किया गया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। यह ट्रैक्शन वितरण और इलेक्ट्रिक लोको प्रौद्योगिकी में एक क्रांतिकारी कदम है, जिससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भारतीय रेलवे के वैश्विक मानचित्र पर एक विशेष स्थान प्राप्त हुआ है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18011/ न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 03-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18011
वार्ड का नाम- 36 -हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436H00370** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAMAVTAR KHANDELWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री सुनील खण्डेलवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री रामावतार खण्डेलवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर रायपुर** में निर्मित **दीनदयाल आवास योजना** के अतंर्गत, भवनों में से फ्लैट / भवन **क्रमांक-एल.आई.जी. फ्लैट-5/52**, में **श्रीमती सीमा सिंह राजपूत पति श्री पंकज राजपूत** को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 13.02.2023** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट / भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 16.12.2024** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट / भवन **श्रीमती लक्ष्मी जायसवाल पति श्री राजकुमार जायसवाल** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल** द्वारा, **दीनदयाल आवास योजनातंर्गत खम्हारडीह, रायपुर** में स्थित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-513, ब्लॉक नं-22,** (तृतीय-तल) को इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 1855 दि. 12.05.2006 के द्वारा **श्री संजय मिश्रा पिता श्री सुर्य किशोर मिश्रा,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट के मद में सम्पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट कि लीजडीड **दि. 25.03.2007** को पंजीकृत करने उपरांत इस कार्यालय के पत्र **क्रमांक 6149 दिनांक** 01.12.2008 फ्लैट का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

वर्तमान में आबंटी **श्री संजय मिश्रा पिता श्री सुर्य किशोर मिश्रा, निवासी:-टेलीफोन एक्सचेंज के पीछे, प्रगति नगर, मंदिर हसौद, तह व जिला रायपुर ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्रध्दा साहू पिता श्री बच्चन सिंह साहू, निवासी: हाउस नं-90, महर्षि स्कूल रोड़, बोईरदादर, विजयपुर रायगढ़ तह. व जिला रायगढ़ ( छ.ग. )** को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय करने के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास** योजनान्तर्गत **शंकर नगर, रायपुर** में स्थित **भवन क्रमांक-एल.आई.जी.-40, सेक्टर-01, श्री रमेश चंद्र शर्मा पिता स्व. आर. के. शर्मा** को इस कार्यालय के आबंटन आदेश **क्रमांक -533-34 दिनांक** 16.01.1976 के माध्यम से आबंटित है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर **दि. 31.10.2002** को सेलडीड पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्री रमेश चंद्र शर्मा पिता स्व. आर. के. शर्मा की मृत्यु दि. 27.07.2024** को हो जाने के कारण उनकी पत्नी **श्रीमती शोभा शर्मा पति स्व. रमेश चंद्र शर्मा, निवासी- एल.आई.जी.-40, सेक्टर-01, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )** के द्वारा अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसानों का सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उपरोक्त भवन को उनकी पत्नी **श्रीमती शोभा शर्मा पति स्व. रमेश चंद्र शर्मा,** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./16813/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 14-01-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16813
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107489BI** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती / श्री **CHETNA SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHEESH SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18032/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 03-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18032
वार्ड का नाम- 01 -वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 01 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00300** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S SHREE RAM VIHAR MANAGER -PAWAN KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMKUMAR AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIKASH AGRAWAL AND SONS H.U.F KARTA- VIKAS AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNDARLAL AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /16341/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 06-12-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 16341
वार्ड का नाम- 69 -माधव राव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A0024A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KISHAN SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. SHAIL KUMARI TARAK** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. HARINARAYAN TARAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18010/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 03-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18010
वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR737B0143A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KU. DIPALI VISHWAKARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D/O LT. MAHESH VISHWAKARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री प्रसन्ना सोनी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री राजेन्द्र प्रसाद सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18009 /न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 03-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18009
वार्ड का नाम- 27 - इंदिरा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220H00215** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MRS SUNITA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SURESH AGRAWAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE SHRI BADRI PRASAD AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय दानपत्र** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर मंगलवार 04 फरवरी 2025



# दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34 वां स्थापना दिवस वर्ष धूमधाम से मनाया गया

## भक्तों की लगी भीड़ हजारों भक्तों ने भंडारे में की शिरकत

## भजन कीर्तन मंडलीयो ने रामधुन में लीन

**गोपाल सिंह विद्रोही**



सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार) - लघु भारत विश्रामपुर का धार्मिक एवं आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया ।विश्रामपुर के बस स्टैंड स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34 वां स्थापना दिवस पर हनुमान भक्तों ने मंदिर एवं मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाकर कई विविध धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन रखा जिसमें क्षेत्र वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।भजन मंडली 24 घंटे भजन कीर्तन एवं रामचरित्र मानस गान किया तो वही हनुमान भक्तों ने भव्य भंडारा का आयोजन किया।

**भजन मंडलियों द्वारा भजन प्रस्तुति पर रात भर झूमते रहे भक्ति**- रामचरित्र मानस गान मंडली के कृष्ण चंद्र मिश्रा ,सुरेश सिंह चंदेल ,सुरेंद्र तिवारी, महेंद्र राजवाड़े, शैलेश चौबे ,ओम प्रकाश उपाध्याय, परितोष कुमार, पूर्णवासी ,जी एस तिवारी आदि भक्तों ने विभिन्न वाद्य यंत्र पर अखंड रामायण की प्रस्तुति दी। भजन मंडली के सदस्यों ने 24 घंटे अखंड कीर्तन के साथ-साथ रामचरितमानस एवं अन्य भजन की प्रस्तुति दी। जिसमें दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के भक्त झूमते रहे ।

**विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भक्तों हनुमान जी का दर्शन किया**- दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पंडित बालकिशन गर्ग , मंदिर के मुख्य पुजारी भोला महाराज सहित विजय महाराज ,सोनू महाराज, इंद्र कुमार महाराज, पुनीत, सक्षम, आदित्य आदि ब्राह्मणों ने वैदिक मित्रों के साथ विविध

धार्मिक अनुष्ठान कराया। मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी ।भक्त जनों ने इन ब्राह्मणों से अपना अपना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया

**महिलाओं और पुरुषों ने भंडारा का कमान संभाला 5000 से अधिक भक्तों ने भंडारा में हुए सम्मिलित** - दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आज दिन भर भंडारा चलता रहा। एक तरफ मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान तो दूसरे तरफ कीर्तन मंडलियों द्वारा रामायण एवं भजन कीर्तन तो तीसरी तरफभव्य भंडारा निरंतर चलता रहा। भंडारा का संचालन एवं भोज परोसन कार्य महिला हनुमान भक्तों में से श्रीमती कांता गोयल ,अनीता गोयल,मीना सिंघल, कौशल्या गोयल,रेनू सिंघल, सुशील ऋषभ गोयल ने अपने हाथों में लिया और भक्तों को भोज परोसन कार्य करती रही ।आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के सुभाष गोयल, सुशील जैन ,विजय गोयल ,मोहन गोयल, दिनेश गोयल, कृष्ण कुमार बल्लू गोयल, रविंद्र सिंह उर्फ नुनु सिंह, अंशुल गोयल, शिव गोयल, विवेक जायसवाल , रूप नारायण, अशोक अग्रहरि, दर के के ताम्रकार ,संतोष पाठक, संतोष जायसवाल, शैलेश सिंहआदि लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु कोरबा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती प्रेमलता यादव ने क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी, बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे ।सामान्य प्रेक्षक श्रीमती यादव के द्वारा आज कोरबा नगर निगम के 22 मतदान केंद्रों का एवं विद्युत गृह स्कूल में हो रहे महिला मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लिया गया । सामान्य प्रेक्षक द्वारा 22 मतदान केंद्र जोकि विद्युत गृह स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल, प्राइमरी स्कूल रामपुर, निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी, शासकीय मिनीमाता कॉलेज, कन्या स्कूल टीपी नगर, एनटीपीसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल और आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की जानकारी हेतु किए गये दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गये रैम्प, शौचालय, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण कर केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### 90 पाव देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**भाटापारा(विश्व परिवार)।** थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.02.2025 को पुलिस सहायता केंद्र निपनिया थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 02 शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 9900 कीमत मूल्य का 90 पाव देशी मसाला शराब, अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर होण्डा साईन मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### नौकरी के लिए दी रिश्वत अब हो रही कार्यवाही

**कोरबा(विश्व परिवार)।** न्यायालय मे सरकारी नौकरी लगवाने के लिए रिश्वत देने के मामले में थाना दीपका पुलिस द्वारा कानूनी कार्यवाही की गई है। अपराध क्रमांक 415/2024, धारा 420, 24 भा.दं.वि. के प्रकरण में संजय दास पिता सुकुमार दास, उम्र 33 वर्ष, निवासी पाली रोड, दीपका के विरुद्ध एफआई.आर. दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि संजय दास द्वारा दर्ज कराए गए अपराध के आरोपियों को पूर्व में ही न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है और वे वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं। जनहित में अपील :- सभी नागरिकों से अपील है कि सरकारी नौकरी प्राप्ति के लिए किसी भी प्रकार के प्रलोभन या धोखाधड़ी के जाल में न फंसें। सरकारी नियुक्तियों में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और कानूनी नियमों के अनुसार होती है। इस प्रकार के प्रलोभनों से न केवल आर्थिक नुकसान होता है बल्कि आप भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार के फर्जीवाड़े का प्रयास किया जा रहा है या प्रलोभन दिया जा रहा है, तो इसकी सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना को दें।

### 83 चालकों से 29,200 रुपए जुर्माना वसूल

**बलौदाबाजार-भाटापारा(विश्व परिवार)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही की जा रही हैं, सांथ ही जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम, सुगम एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के लिए, यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 01.02.2025 को यातायात पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में दो-पहिया वाहन में तीन सवारी, नो-पार्किंग में अपने वाहन खडा करने वाले एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले 16 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 4800 समन शुल्क वसूला गया है। नो-पार्किंग में वाहन खडा करने वाले 32 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 9600 समन शुल्क वसूल एवं हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले 18 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 9000 समन शुल्क वसूल किया गया है।

# केंद्रीय बजट 2025-26 आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीकः कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने केंद्रीय बजट 2025-26 को आमजन के सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों के उत्थान के प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता को प्रकट करता है। इस बजट ने उन परिवारों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाया है, जो देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। 12 लाख तक की आय करमुक्त कर मध्यम वर्गीय परिवारों को एक अत्यधिक बड़ी राहत प्रदान की गई है, जिससे उनके जीवन में सहजता, समृद्धि और आर्थिक स्वतंत्रता की नई राह खुलेगी। इस निर्णय से मध्यम वर्ग को न केवल वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि उनके सामर्थ्य में भी वृद्धि होगी, जिससे वे अपनी आकांक्षाओं को और भी साकार कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा की वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर छूट दोगुनी कर उनके सम्मान को ऊंचा किया गया है, जबकि टीडीएस की सीमा 10 लाख तक बढ़ाकर व्यवसायियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, चार वर्षों तक आईटी रिटर्न दाखिल करने की सुविधा करदाताओं के लिए बड़ी सुविधा प्रदान की गई है, जिससे उनके लिए कर प्रशासन को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। यह बजट समृद्ध, आत्मनिर्भर और वैभवशाली भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह वास्तव में जन-जन का बजट है, जिसमें आमजन की आवश्यकताओं को संवेदनशीलता से समाहित किया गया है। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करते हुए 36 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा कर पूरी तरह से समाप्त करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। साथ ही, सभी सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना तथा छह जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

# निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता की दी गई जानकारी

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज कलेक्टर न्यायालय कक्ष क्रमांक-2 में नगर पालिक निगम रायगढ़ अंतर्गत महापौर एवं पार्षद के निर्वाचन लडने वाले सभी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर्स द्वारा आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर रवि राही, राकेश कुमार गोलछा, श्री प्रवीण तिवारी,रेखा चंद्र उपस्थित रही। रिटर्निंग ऑफिसर्स ने अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के तहत निर्वाचन को प्रभावित करने रिश्वत, प्रलोभन या धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर मतदान की अपील करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इसके साथ ही किसी भी शासकीय एवं सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, शासकीय भवन एवं कार्यालय का उपयोग निर्वाचन संबंधी प्रचार-प्रसार में ना किया जाए। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अधिकृत निजी होर्डिंग्स में अभ्यर्थी अपना प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। निर्वाचन अपराध अधिनियम 1984 के तहत विभिन्न धाराओं की जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन के दिन या उसके एक दिन पूर्व सार्वजनिक सभा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मतदान केन्द्रों में या उसके आसपास निर्धारित सीमा के अंदर मत याचना करना प्रतिबंधित होगा। वहीं मतदान केंद्रों में अभ्यर्थियों द्वारा अधिकृत बीएलओ पीठासीन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करेंगे। साथ ही उन्होंने नोटिस, सूचना को फाडना, ईवीएम मशीनों के छेड़छाड़ के संबंध में अपराधिक धाराओं की भी जानकारी दी।

## छत्तीसगढ़ और गरीब किसानों के लिए बजट में कुछ नहीं : ज्योत्सना महंत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि केंद्रीय बजट-2025 में मिडिल क्लास, लोवर मिडिल क्लास और गरीबों-किसानों के लिए जो कुछ भी कहा गया है वह सब अव्यवहारिक है। कोरबा सांसद ने कहा कि देश में कितने लोगों की आमदनी एक साल में 12 लाख से ज्यादा है जिन्हें इस बजट में लाभ मिलता दिख रहा है, लेकिन वहीं दूसरी ओर 4 से 8 लाख पर 5 प्रतिशत और 8 से 12 प्रतिशत पर 10 प्रतिशत टैक्स का क्या मामला है? वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिए। ज्योत्सना महंत ने कहा कि बजट छत्तीसगढ़ को निराश करता बजट है। महंगाई कम करने पर कोई बात नहीं की गई है। किसान, मजदूर, गरीब, युवा को सिर्फ आंकड़ें मिलेंगे, जमीनी राहत की कोई गुंजाईश नहीं दिखती है। सांसद ने मेडिकल कॉजेजों व अस्पतालों में अतिरिक्त सीटें जोडने के प्रस्ताव को सराहा है वहीं जीवन रक्षक कुछ चुनिंदा दवाओं में पिछली बजट की तरह छूट को दर्शाया है लेकिन 80 प्रतिशत से अधिक दवा जो आम लोगों की जरूरत से जुड़ा है उन पर कोई राहत नहीं दी गई है।

# संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन चुनगढ़ी में किया गया

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार न्यूज़)** एभटगांव। संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हाई स्कूल चुनगड़ी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रजवलीत करके किया गया तथा इस अवसर पर चुनगढ़ी विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गा कर अतिथियों का स्वागत किया। इस संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता मे चुनगढ़ी संकुल के सभी नौ विद्यालयों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल खुद आयोजित किये गए जिसमे

कबड्डी में तेलगांव विद्यालय के छात्राओं ने बाजी मारी, वहीं खो खो में चुनगड़ी स्कूल के बच्चे विजेता बने। बालक वर्ग मे चुनगड़ी के बच्चों ने कबड्डी मे जीत दर्ज किया। साथ ही 100 मीटर 200 मीटर दौड़ के साथ चम्मच दौड़ ,बोरा दौड़,जलेबी दौड़ आदि स्पर्धा भी आयोजित की गई तथा विजेताओ को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर वो सभी बच्चे जिन्होंने कक्षा 1 से 10 तक सभी विद्यालय में

सर्वाधिक अंक प्राप्त सभी छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य सतीश पांडे संकुल समन्वयक महेश प्रताप सिंह,प्रधान पाठक अशोक तिवारी,प्रधान पाठक रामनाथ सिंह, शिक्षक रूपनारायण सिंह, प्रदीप बाखला,आशिक पन्ना, हरविंदर कौर, श्रीमती अरुणा,दीक्षित,निशा,खैरवार मैडम सक्रिय रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह संकुल प्राचार्य सतीश पांडे ने सम्बोधित करते हुवे छात्रों को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन व्याख्याता श्रीमती अनामिका भगत ने किया।

इस खेलकूद प्रतियोगिता मे मलगा तेलगांव,चुनगढ़ी,बांधपार, उरांव पारा आदि विद्यालय के छात्र जन प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# भारतीय जनता पार्टी विश्रामपुर का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न

## प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह ने कहा कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा प्रत्याशियों को जीत करें सुनिश्चित

**गोपाल सिंह विद्रोही**

**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )**- - प्रेम नगर विधानसभा क्षेत्र विधायक भूलन सिंह मरावी ने विश्रामपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी कार्यकर्ताओं के लिए आह्वान किया कि आप सब एक जूटता का परिचय देते हुए भाजपा द्वारा अधिकृत पार्षद प्रत्याशियों एवं नगर पंचायत की अध्यक्ष पद प्रत्याशी को जीत करें सुनिश्चित। मिलजुल कर करें काम केंद्र एवं राज्य सरकार की जन उपयोगी सहित विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को पहुंचाएं और कमल फूल खिलाए।

जिला भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि देश में, प्रदेश में हर जगह कमल फूल की सरकार आपने बनाया है ।नगर पंचायत बिश्रामपुर की सरकार कमल फूल का ही बनाएं ।पूरे भाजपा प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जीताये। गिला शिकवा भूल कर एक दूसरे को सहयोग करें और प्रचंड बहुमत से जीत सुनिश्चित करें। भारतीय जनता पार्टी की युवा नेता ललित गोयल ने केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि यदि मोदी जी की कार्यों और विष्णु देव जी के कार्यों को गिनना प्रारंभ करू तो 24 घंटे भी कम पड़ जाएंगे इसलिए यहां बताना हम आवश्यक नहीं समझ रहे हैं। आप सब विद्वान है आंधी नहीं तूफान है।

पार्षद प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हम सभी पर अपना भरोसा जताई हैं तो हम सब 15 सीटों पर लड़ रहे प्रत्याशियों को जिताएंगे ।आप सबका आशीर्वाद मिला नगर

पंचायत विश्रामपुर की चौमुखी विकास करने में पीछे नहीं हटेंगे। नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पंचायत के घोषित प्रत्याशी निर्मला यादव के पति राजेश यादव ने कहा कि जनता ने हमें एक बार नहीं बार-बार मौका दिया हमने भी आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है परंतु प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के लोग आरोप लगाते हैं कि हमने कुछ किया नहीं हमारे ही कार्यों को उन्होंने अपना कार्य बात कर गुमराह करने का प्रयास किया है जिसे आप लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना पड़ेगा।

मनचासीन अतिथियां में भाजपा की वरिष्ठ नेता सत्यनारायण जायसवाल,मथुरा प्रसाद,अनिल मिश्रा,ललित गोयल रितेश जायसवाल,शतीश तिवारी, बाबू स्वाई ,मनी बग्गा,अशोक गुप्ता कमलेश चौबे दीना नाथ यादव ,, राजकिशोर चौधरी, सतीश तिवारी सहित वार्ड प्रत्याशियों सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संपादकीय

## धर्माधारित विवादित बयान परंपरा.....

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने कहा है कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा जरूरी होती है। गुजरात विश्वविद्यालय के हिन्दू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, हिन्दू सदा ही अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए हमें वे काम भी करने होंगे, जिन्हें दूसरे अधर्म करार देंगे और हमारे ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे। जोशी ने महाभारत का हवाला देते हुए कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों की अनदेखी की। हालांकि वसुधैव कुटुंबकम को आध्यात्मिक अवधारणा बताते हुए उन्होंने पूरी दुनिया को एक परिवार मानने की बात भी की। संघ नेता के विचारों में विरोधाभास स्पष्ट है। एक तरफ वह हिंसा की बात कर रहे थे। दूसरी तरफ हिन्दू धर्म के केंद्र में मानवता की बात उठाई। संघ के पदाधिकारियों द्वारा कुछ अंतराल के बाद धर्माधारित विवादित बयान दिया जाना परंपरा बन चुकी है। चूंकि संघ की विचारधारा हिन्दुत्व के प्रचार और हिन्दू राष्ट्र को कठोरतापूर्वक लेकर चलती है; इसलिए वे ऐसे हथकंडे अपना कर बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में कोई कोताही नहीं करना चाहते। एक तरफ वसुधैव कुटुंबकम जैसे जुमले का प्रयोग और उसके साथ ही हिंसा की बात करना तर्कसंगत नहीं लगता। दूसरे, पांडवों-कौरवों के युद्ध की यहां आवश्यकता स्पष्ट नहीं हो रही। हिन्दुत्व और सनातन हिन्दू धर्म के मर्म को देशवासी भले ही अपरोक्ष तौर पर न समझते हों परंतु वे इस बहकावे में ज्यादा देर नहीं अटके रहते। जैसा कि जोशी ने स्वयं कहा, यह आध्यात्मिकता है, जीवनशैली है। मगर इसमें हिंसा का कोई स्थान नहीं है। संघ प्रमुख रहे मोहन भागवत का कहना था, बल प्रयोग, उग्रवाद, आक्रामकता, अन्य देवताओं का अपमान हमारे देश की प्रकृति में नहीं है, यह अस्वीकार्य है। परंतु जब भी हिंसा की आड़ लेने की बात की जाती है, सिक्के का दूसरा पहलू भी उजागर हो जाता है। जनता को उकसाने, भड़काऊ बयानबाजी करने या धार्मिक उन्माद फैलाने को मकसदहीन नहीं ठहराया जा सकता। बीते कुछ वर्षों में जनता को बरगाले के ये फॉमरूले चूंकि काफी कारगर रहे हैं, इसलिए विवादित धार्मिक संगठन इन्हें त्यागने का इरादा नहीं जुटा पाते प्रतीत हो रहे हैं।

# दुनिया में भोजन की बर्बादी और भुखमरी गंभीर चुनौती

विजय कुमार जैन

प्रति वर्ष 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। दुनिया के लगभग 150 देशों में भुखमरी एवं निर्धनता हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना भी है कि भोजन एक बुनियादी और मौलिक मानव अधिकार है। दुनिया भर के 23त्न भूखे लोग भारत में रहते हैं। दुनिया में प्रतिदिन भोजन की बर्बादी और भुखमरी की विकराल समस्या को ध्यान में रखकर हर वर्ष विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। मगर यह समस्या कम नहीं हुई है। दुनिया में 80 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के बोझ को अभिशाप मान रहे हैं। अनगिनत भूख से पैदा हुई गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। वही अगर अरबों टन भोजन बर्बाद होता है तो सोचना होगा हम कैसी सभ्यता का सृजन कर रहे हैं। दुनिया भर में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिनके घरों में शाम को चूल्हा नही जलता बच्चों के मूँह में निवाला नहीं जाता और दूसरी ओर मानव सभ्यता का सिर शर्म से झुका देने बाला तथ्य यह है कि हर वर्ष 750 अरब अर्थात 47 लाख करोड़ का भोजन बर्बाद होता है। हर वर्ष भोजन उत्पाद का 50 प्रतिशत भाग सड़ता, गलता, फैंका और बहाया जाता है। दुनिया भर में जो भोजन बर्बाद होता है उसके उत्पादन में कृषि योग्य 28 प्रतिशत जमीन का उपयोग होता है। और एक वर्ष में रूस की वोल्गा नदी में जितना पानी बहता है उतना सिचाई में लग जाता है। भारत में अनाज, दालें, फ्ल, सब्जियों के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत बर्बाद होता है, जिसका बाजार मूल्य 50 हजार करोड़ रुपये है। इसमें मीट की बर्बादी मात्र 4 प्रतिशत है लेकिन इससे आर्थिक नुकसान 20 प्रतिशत होता है। विश्व भोजन बर्बादी में 3-3 अरब टन ग्रीन हाउस गैसें निकलती हैं, जिसमें मिथेन गैस सर्वाधिक निकलती है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अबाँइडिंग फ्यूचर फेमाइन्स की ओर से जारी एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में लगभग एक तिहाई भोज्य उत्पाद मनुष्य के मूँह तक नहीं पहुँच पाते। वह या तो रास्ते में रखरखाव ठीक से नहीं होने के कारण बर्बाद हो जाते है या उपभोक्ता उन्हें स्वयं ही नष्ट कर देते हैं। संयुक्त पर्यावरण कार्यक्रम की रिपोर्ट फूड वेस्टेज फुटप्रिंट, इम्पेक्ट आँन रिसोर्सेज ने यह जानकारी दी है कि हर वर्ष विश्व भर में लगभग 1.3 अरब टन भोजन की बर्बादी होती है। विगत वर्षों संयुक्त राष्ट्र संघ ने यह आंकड़ा विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी किया जिसकी थीम सोचो खाओ और बचाओ थी। उत्तरी अमेरिका और यूरोप के उपभोक्ता हर वर्ष लगभग 20-20 करोड़ टन भोजन कूड़ेदान के हवाले कर देते हैं। जबकि अफ्रीका सहारा उपक्षेत्र का कुल उत्पादन ही 20.30 करोड़ टन है। यह आंकड़े स्वीडिस फूड एंड वायोटेक्नोलाजी और फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन के अध्ययन पर आधारित है। अध्ययन में यह कहा गया है कि भोजन की यह बर्बादी खेतों से खाने की थाली में पहुंचने की प्रक्रिया में होने बाली गड़बड़ का परिणाम है। अगर थाली की जूठन का अपना कोई देश होता सारी दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जन फैलाने वाला देश होता है। यह आकलन संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में दिया गया है। जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जीवन शैली में छोटे-छोटे बदलाव लाने की हिमायत करते हुए सर्वेक्षण में बताया गया है कि अगर सभी लोग थाली में जूठन छोड़ना बंद कर दें तो साल में हर भारतीय 90 किलो खाने की बर्बादी बचा लेगा। इस तरह अकेले भारत

में हर साल 12600 करोड़ किलो अन्न की वार्षिक बचत होगी ।सर्वे के अनुसार दुनिया में उपभोक्ताओं को मिलने वाले खाने में से 17त्न बर्बादी होती है और इससे ग्रीन हाउस गैसों में 8त्न का योगदान होता है। आर्थिक सर्वेक्षण में जीवन शैली में बदलाव से क्लाइमेट को बचाने को लेकर जोड़ दिया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार अगर लोग डेयरी और मीट के बजाय शाकाहार की जीवन शैली अपनाये तो हर व्यक्ति साल में 2 टन कार्बन फुटप्रिंट कम कर सकता है। दुनिया भर में लाइव मिशन के छोटे-छोटे कदमों से 38.14 लाख करोड़ रुपए ( 440 अरब डॉलर) की बचत होने का अनुमान है भारत सरकार लाइफ मिशन यानी लाइफ फॉर एनवायरमेंट लॉन्च कर चुकी है भारत के इस मिशन को संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अपनाया है। विकसित और विकासशील देशों में भोजन बर्बादी के अलग-अलग स्वरूप है भारत जैसे विकासशील देशों में खराब प्रबंधन, पुरानी तकनीकी और अपर्याप्त असुरक्षित संरक्षण के कारण अनाज खेत से गोदाम के बीच सड़ता है ।विकसित देशों में यह बर्बादी खाना बनाने के बाद होती है। पड़ौसी देश पाकिस्तान में भी रखरखाव की कमी के कारण कुल उत्पादन का 16 प्रतिशत यानि 30 टन से अधिक अनाज लोगों तक नहीं पहुंच पाता जबकि वहाँ की जनसंख्या का 36 प्रतिशत गरीबी की रेखा के नीचे है। 40 प्रतिशत बच्चे कुपोषण से ग्रस्त है। एशिया और यूरोप एशिया के औद्योगिक क्षेत्र यूरोप दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में सब्जियों और मांस उत्पादों की 68 प्रतिशत बर्बादी धनान्य देशों में होती है। अमेरिकी 25 प्रतिशत भोजन फेंकते हैं और यूरोपियन एक तिहाई फेंकते इसलिये है कि खाने से ज्यादा खरीद लेते हैं। इसी स्थिति में विचाराधीन प्रश्न यह है कि भोजन बर्बाद होता है और लोग भूखे रहते हैं। भोजन फेंकने से पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ती हैं। पानी खाद का अपव्यय होता है। मानव श्रम का अपमान होता है। स्वयं सेवी संगठन द हंगर प्रोजेक्ट के अनुसार दुनिया के लगभग 80.7 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार है 98 प्रतिशत पीड़ित भारत जैसे विकासशील के नागरिक है। हर वर्ष भारत में उतना गेहूं बर्बाद होता है जितनी आस्ट्रेलिया की वार्षिक पैदावार है। इससे वार्षिक कृषि लाभ में 50 हजार करोड़ का नुक्सान होता है और इससे 30 करोड़ लोगों के भोजन की पूर्ति हो सकती है। 2.1 करोड़ टन अनाज हर वर्ष इस कारण सड़ गल जाता है कि उसे सुरक्षित रखने के लिये कोल्ड स्टोरेज और सुव्यवस्थित कार्य योजना नहीं है। उत्पादन से उपभोक्ता तक पहुंचने सब्जियों और फ्लों का 40 प्रतिशत रेफ्रिजरेटर वाहनों की कमी, खराब सड़क, गड़बड़ मौसम और भृष्टाचार की वजह से कचरे के ढ़ेर में चला जाता है। कृषकों की एक और समस्या है उनकी फ्सलें एवं सब्जियां अधिक वर्षा, ओलावृष्टि एवं अधिक ठंड में पाला पड़ने से नष्ट हो जाती हैं। हम गंभीरता से विचार करें बर्बाद हो रहे भोजन को बचाया जाये जो बड़ी विश्व जनसंख्या का पेट भरने के लिये पर्याप्त है इससे हम अनाज के अतिरिक्त उत्पादन के भार से बचेंगे, भूमि, जल, पर्यावरण और श्रम को नष्ट होने से बचायेंगे। दुनिया में हो रही भोजन की बर्बादी रोकने गंभीरता से प्रयास आवश्यक है। उत्पादन से उपभोक्ता तक पहुंचने की प्रक्रिया ठीक हो, सरकार रेफ्रिजरेटर वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था करे और पैदावार को सुरक्षित रखने की संरचना को विकसित करे। विकाशील देशों में भोजन की बर्बादी का दूसरा बड़ा कारण होटल और सामुहिक भोज आयोजन है। इसका सरल उपाय है अन्य व्यवस्थाओं के साथ ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं से भी संपर्क किया जाये जो जरूरतमंदों को भोजन वितरण के कार्य में जुटे हैं। गरीबी, भूख और भोजन की गहरी गुत्थी है जिसको हल किया जाना तत्काल आवश्यक है।

## आलेख

# दिल्ली में किसकी सत्ता

अमरेंद्र कुमार राय

दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है, और आठ तारीख को नतीजों की घोषणा। तीन तारीख तक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। बावजूद इसके कोई भी बताने की स्थिति में नहीं है कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। इसकी कुछ वजहें हैं। जो कुछ पिछले लोक सभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव और उससे भी बढ़ कर महाराष्ट्र चुनाव में हुआ, उसके बाद किसी की हिम्मत नहीं हो रही है कि खुल कर बता दे कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। किसको कितनी सीटें मिल रही हैं। इससे पहले आप ने देखा था कि चुनाव से बहुत पहले से कई सर्वे एजेंसियां बताने लगती थीं कि अमुक पार्टी या गठबंधन को बढ़त है, और फलां को इतनी सीटें मिल रही हैं। लोक सभा चुनावों में कुछ एजेंसियों ने बीजेपी के अकेले 350 से ज्यादा सीटें जीतने की घोषणा की लेकिन बीजेपी 240 पर ही अटक गई। बाद में यह भी सामने आया कि चुनाव आयोग ने खेल न किया होता, निष्पक्ष चुनाव हुए होते तो बीजेपी की सीटों की संख्या 180 पर सिमट गई होती। हरियाणा के चुनाव में कोई सर्वे एजेंसी नहीं कह रही थी कि बीजेपी जीत भी सकती है, बल्कि वे कांग्रेस की बंपर जीत और बीजेपी की बुरी हार का दावा कर रही थीं। लेकिन नतीजे बिल्कुल विपरीत आए। बीजेपी ने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। 2014 के चुनावों में जब नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही थी तब भी बीजेपी हरियाणा में 45 सीटें पार नहीं कर पाई थी। 2019 के चुनाव में तो वह 40 सीटों पर ही सिमट गई थी। लेकिन 2024 में उसकी निश्चित हार, वह भी बुरी तरह दिख रही थी, के आकलन के बावजूद उसने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। महाराष्ट्र में तो और भी बुरा हाल हुआ। कुछ महीने पहले हुए लोक सभा चुनाव में जिस कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी शरद पवार वाले गुट ने एनडीए को बुरी तरह पटखनी दी थी, वह विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हार गया। कहां तो इनके दो सौ सीटें जीतने की भविष्यवाणी की जा रही थी और कहां ये सब मिल कर पचास सीटें भी नहीं पा सके। इसमें भी चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठे। माना जा रहा है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में जनता की जीत नहीं, बल्कि चुनाव आयोग के खेल की जीत है। इसीलिए अब हर सब्रे एजेंसी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीती जाने वाली सीटों की संख्या घोषित करने में घबरा रही है। बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तीन बातें कही जा रही हैं। एक यह कि जमीन पर आम आदमी पार्टी (आप) मजबूत है और बाकी पार्टियों पर बढ़त बनाए हुए है। इसकी सीटों की संख्या पिछले दो विधानसभा चुनावों की तुलना में कम जरूर हो जाएगी लेकिन सरकार बनाने लायक बहुमत आसानी से पा जाएगी। दूसरी बात यह कही जा रही है कि पिछले दस साल सरकार चलाने के बाद लोगों में आप को लेकर नाराजगी है, और इस बार वे सरकार बदलने के मूड में हैं, और इसका लाभ बीजेपी को मिल सकता है। तीसरी बात यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पांच प्रतिशत से भी कम पर सिमट गई थी। इस बार वह जोर लगा रही है। इसलिए अपने वोटों का प्रतिशत बढ़ा कर दस के आसपास कर सकती है। इससे उसकी सीटों का खाता तो शायद न खुले लेकिन निराशा से वह जरूर बच सकती है। वह अपने कार्यकर्ताओं को सपना दिखा सकती है कि इस बार हम वोट बढ़ा सकते हैं तो आगे जीत कर सरकार भी बना सकते हैं। कुछ लोग बीजेपी की जीत और आप की हार में कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी ही देख रहे हैं। कुछ कांग्रेस समर्थकों की यह भी सोच है कि मुस्लिम और दलितों में कांग्रेस के प्रति रु झान है। ये दोनों वर्ग मिला कर दिल्ली की आबादी में 30 प्रतिशत हैं। अगर इन दोनों वगरे ने कांग्रेस का साथ दिया और राहुल गांधी ने आक्रामक प्रचार किया तो कांग्रेस 15 प्रतिशत के आसपास वोट भी पा सकती है, विधानसभा चुनाव में वह आठ-दस सीटें भी जीत सकती है, और ऐसा हुआ तो त्रिशंकु विधानसभा आएगी और फिर कांग्रेस दिल्ली में पुनर्जीवित हो उठेगी। हालांकि इसकी संभावना न के बराबर है। हर चुनाव के बाद खासकर बीजेपी की जीत का एक नरेशन गढ़ा जाता है। जैसे हरियाणा के नतीजों के बाद नरेशन गढ़ा गया कि लोक सभा चुनाव में संघ ने बीजेपी के लिए काम नहीं किया था। हरियाणा के चुनाव में उसने काम किया और हारी बाजी जीत में पलट दी। कांग्रेस की गुटबाजी को भी उसकी हार की वजह बताया गया। महाराष्ट्र के चुनावों में महिलाओं को बांटे जाने वाले रुपये को जीत का आधार बताया गया।

# मध्यम वर्ग के लिए बजट: विकसित भारत 2047 का मार्ग

डॉ. विनोद सेन

केंद्रीय बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला व्यापक बजट है और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया आठवां बजट है। यह बजट विकसित भारत ञ्च2047 के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है, जो राष्ट्रीय आर्थिक परिदृश्य में नई ऊर्जा और आशा का संचार करता है। इसकी वित्तीय रणनीति नवाचार, समावेश और निवेश के सिद्धांतों पर आधारित है। बजट में दस प्रमुख विकास फोकस क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जिनमें कृषि और उत्पादकता, ग्रामीण समृद्धि, समावेशी विकास, विनिर्माण एवं %मेक इन इंडिया%, एमएसएमई समर्थन, रोजगार सृजन, निवेश और नवाचार, ऊर्जा सुरक्षा, निर्यात संवर्धन और नवाचार को बढ़ावा देना शामिल है। इन क्षेत्रों में निवेश से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक स्थिरता और सतत विकास का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी। प्रत्येक वर्ष बजट से प्रमुख अपेक्षाओं में से एक आयकर सुधारों से संबंधित होती है, विशेष रूप से वेतनभोगी करदाताओं के लिए। केंद्रीय बजट 2025 में प्रस्तावित नई कर दरें इस प्रकार हैं: 4,00,000 रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं; 4,00,001 रुपये से 8,00,000 रुपये तक की आय पर 5 प्रतिशत कर; 8,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत कर; 12,00,001 रुपये से 16,00,000 रुपये तक की आय पर 15 प्रतिशत कर; 16,00,001 रुपये से 20,00,000 रुपये तक की आय पर 20 प्रतिशत कर; 20,00,001 रुपये से 24,00,000 रुपये तक की आय पर 25 प्रतिशत कर; और 24,00,000 रुपये से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत कर। ये संशोधित कर स्लैब मध्यम आय वर्ग को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, साथ ही अर्थव्यवस्था में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए भी। नई कर व्यवस्था कर छूट की सीमा को बढ़ाती है, कर दरों में संशोधन करती है, और करदाताओं की वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयासरत है ।प्रत्यक्ष कराधान के अलावा, कस्टम ड्यूटी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। विशेष रूप से, जीवनरक्षक दवाओं, जिनमें कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार शामिल हैं, पर सीमा शुल्क से छूट दी गई है। यह बजट स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, जैसे एलसीडी और एलईडी टेलीविज़न की कीमतों में कमी आने की संभावना है, जिससे घरेलू उपयोगकर्ताओं को लाभ होगा और घरेलू मांग को प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्रीय बजट 2025 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए क्रेडिट गारंटी का विस्तार किया गया है, जिसमें कवरेज सीमा को 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप वित्त पोषण की सुविधा के लिए 10,000 करोड़ रुपये का नया कोष आवंटित किया गया है। राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन इस बजट का एक प्रमुख घटक है, जो %मेक इन इंडिया% पहल के उद्देश्यों को सशक्त करेगा। इसके अलावा, युवाओं की रोजगार क्षमता और तकनीकी विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए पांच राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। बजट में लघु उद्योगों (लघु उद्यमों) के लिए वित्तीय सहायता और क्षमता निर्माण उपायों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रमुख आवंटनों में एमएसएमई वित्त पोषण के लिए 15,000 करोड़ रुपये, उत्पादन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना के विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपये, उन्नत क्रेडिट सहायता के लिए 5,000 करोड़ रुपये, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 7,000 करोड़ रुपये, तकनीकी उन्नति के लिए 3,500 करोड़ रुपये और कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए 2,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। ये वित्तीय उपाय लघु उद्योगों के विकास की गति को बढ़ाने, उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और रोजगार सृजन में योगदान देने का लक्ष्य रखते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण सीमा को बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है, जो पहले 3 लाख रुपये थी। यह संशोधन कृषि वित्तपोषण को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उच्च ऋण सीमा किसानों को अपनी उत्पादन लागत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, नवीन कृषि पद्धतियों को अपनाने और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में सहायक होगी। यह नीति कृषि क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करेगी और किसानों की वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है, जो ञ्चसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासञ्च की भावना को दर्शाता है। यह बजट रोजगार सृजन, सामाजिक समानता और समावेशी आर्थिक विस्तार को प्राथमिकता देकर आर्थिक स्थिरता और संतुलन को बढ़ावा देता है। कर सुधार, बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, श्रम बाजार सुधार और सामाजिक कल्याण हस्तक्षेप जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके सरकार समावेशी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, सतत विकास और वित्तीय क्षेत्र में सुधारों पर जोर एक दीर्घकालिक रणनीति को इंगित करता है, जिसका उद्देश्य समष्टि आर्थिक लचीलेपन और समग्र वृद्धि को सुनिश्चित करना है। सरकार महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक निर्धारकों को संबोधित करके निवेश, औद्योगिक प्रगति और जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने की इच्छा रखती है। निष्कर्षत यह कहा जा सकता है कि केंद्रीय बजट 2025-26 एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है जो वित्तीय विवेक को विकास संबंधी आवश्यकताओं के साथ एकीकृत करता है। कर राहत उपायों को आर्थिक प्रोत्साहन पहलों के साथ संतुलित करके, यह बजट भारत के 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

ललित गर्ग

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये। 2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषत: पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है।

दरअसल, बांग्लादेश की यूनुस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने। बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है। जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/धर्म समाज/देश
रायपुर, मंगलवार 04 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## आचार्य श्री ने संघ को गुरुकुल बनाया और आज वे हमारे कुलगुरु बन गए हैं : निर्यापक श्रमण श्री समता सागर जी महाराज

**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** बारिस की बूंदें भले ही छोटी हों,लेकिन उनका लगातार बरसना नदियों का प्रवाह बन जाता है,उसी प्रकार आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज ने भव्य आत्माओं को आश्रय देकर मोक्ष मार्ग को आगे बड़ाया तथा मुनिओं एवं आर्यिका माताओं का विशाल समूह दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। आचार्य श्री ने संघ को गुरुकुल बनाया और आज वे हमारे कुलगुरु बन गए हैं। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर महाराज ने चंद्रगिरी डोंगरगढ़ तीर्थ पर चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में प्रात:कालीन धर्म सभा में समवसरण से संबोधित करते हुये व्यक्त किये।*

मुनि श्री ने कहा कि बेगम गंज के युवकों ने अंतरमति माता जी की प्रेरणा से जो दृश्य प्रस्तुत किये वह अद्वितीय है,भले ही उनको 2022 के पश्चात चातुर्मास का अवसर नहीं मिला हो लेकिन उनको इस युग के साक्षात भगवान की प्रस्तुति करने का अवसर यहा चंद्रगिरी पर आकर मिला सभी की आंखें नम थी एवं एक बार फिर से गुरुवर की याद को ताजा कर गयीं मुनि श्री ने प्रात:कालीन श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के समवसरण में अपने विचारो को प्रकट करते हुये कहा कि जैसे इंद्रभूति गौतम को प्रभु मिले और प्रभु को शिष्य के रुप में गणधर गौतम मिले। गुरू और शिष्य यह परंपरा आज तक चली आ रही है आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज का कुछ पुण्य कम रहा कि इस कलिकाल में उनको जन्म लेना पड़ा अन्यथा उस भव्य आत्मा का पुण्य तो ऐसा होना चाहिये था कि वह साक्षात विदेह क्षेत्र में जन्म लेकर इसी भव से कर्म नष्ट करके सिद्धत्व प्राप्त करते। मुनि श्री ने कहा कि उनका पुण्य कुछ कम होगा कि उन्होंने पंचमकाल के भरत क्षेत्र में जन्म लिया लेकिन हम सभी का पुण्य इतना अधिक प्रबल था कि उनके जीवनकाल में हमारा जन्म हुआ और हम सभी के भाग्य से हमें ऐसे गुरुदेव मिले। दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं निशांत जैन डोंगरगढ़ ने बताया संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के समाधि स्थल पर छै दिवसीय कार्यक्रम चल रहा है श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में बड़ी संख्या में संपूर्ण भारत से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर समाधि स्थल पर भक्तिभाव के साथ आचार्य गुरुदेव की अष्टद्रव्य से पूजन संपन्न की गई इस अवसर पर विभिन्न नगरों से पधारे गुरु भक्तों ने अर्घ्य समर्पित किये। तथा बेगमगंज के बच्चों ने शरद पूर्णिमा के दो दो चांद नृत्य नाटिका प्रस्तुत की जिसे आदर्श मति माताजी की संघस्थ अंतरमति माताजी ने अपने भावों से आचार्य श्री के जीवन तथा उनका सल्लेखना समाधि वृत का दृण संकल्प चल चित्र के साथ नाट्यरुपांतरण के रुप में प्रस्तुत किया गया जब समाधि संल्लेखना के दृश्य दिखाये जा रहे थे तो मुनिसंघ, आर्यिकासंघ और पांडाल उपस्थित सभी श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू थे जो कि थम नहीं रहे थे, इसी क्रम में एक दौर ऐसा आया मूक माटी के माध्यम से गुरु के उपकारों की बात कही गई और कहा गया कि गुरु के उपकारों को जो भूल जाता है वह सच्चा गुरु भक्त नहीं कहलाता आचार्य श्री द्वारा प्रदत्त जीवन्त धरोहर आचार्य समय सागर जी है,यह धर्म रुपी वृक्ष जो आचार्य गुरूदेव हमें सोंप कर गये है उसकी गरिमा को हम सभी हमेशा याद रखेंगे आचार्य श्री समयसागर जी महाराज एक मौन साधक है उनको यह जिम्मेदारी तो विदिशा से ही प्रारंभ हो गई थी तथा उनको प्रथम निर्यापक श्रमण की जिम्मेदारी देकर उनको संघ संचालन का अवसर भी प्रदान कर दिया गया था। कार्यक्रम के समापन में आर्यिकारत्न दृणमति माताजी ने अवरुद्ध कण्ठ से अपना उदवोधन दिया इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे नागपुर,वारासिवनी, रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, दुर्ग, इंदौर भोपाल विदिशा,वामनौद, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि, महानगर से बसें तथा चारपहिया वाहनों से आये थे। समवसरण में निर्यापक श्रमण श्री समता सागर जी, मुनि श्री आगम सागर महाराज, मुनि श्री पुनीत सागर महाराज, आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी आर्यिकारत्न दृणमति माताजी,आदर्श मति माताजी सहित अनेक आर्यिका संघ उपस्थित थी7 ऐलक धैर्यसागर महाराज ने कार्यक्रम का संचालन किया। ऐलक निश्चय सागर महाराज, ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज मंचासीन रहे। इस अवसर पर चंद्रगिरी डोंगरगढ़ पर बनने जा रहे समाधिस्थल विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, चंद्रगिरी ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष श्री किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, चंद्रकांत जैन, प्रदीप जैन विश्वपरिवार,विनोद कोयला बिलासपुर, सहित समस्त ट्रस्टीओं ने दान दाताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर विधानाचार्य नितिन भैया खुरई,धीरज भैया राहतगड़, मनोज जबलपुर, संजीव कटंगी, अविनाश भैया भोपाल ने समय से सभी कार्यक्रम संचालित कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर संजय भैया दिल्ली, ब्र.अनूप भैया, अंकित भैया,रिंकू भैया सुवोध चतुर,सौरभ सुल्तान गंज मुनि सेवा में समर्पित रहे। चंद्रगिरी के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, निर्मल जैन, सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, सप्रेम जैन, डोंगरगढ़ जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन, कोषाध्यक्ष श्री जय कुमार जैन, सचिव श्री यतीश जैन, सुरेश जैन, निशांत जैन, विद्यातन पदाधिकारी श्री निखिल जैन, दीपेश जैन, अमित जैन, सोपान जैन, जुग्गू जैन, यश जैन, प्रतिभास्थली के अध्यक्ष श्री प्रकाश चाँद जैन 'पप्पू भैया', राजनांदगांव से शरद जैन, मनोज जैन, पूनम जैन सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे । विद्यातन के अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या ने बताया कि आज प्रात: 7 बजे मंगलाष्टक, भगवान का अभिषेक, पूजन, आरती, विधान हुआ। 9 बजे महाराज जी का प्रवचन हुआ तत्पश्चात मुनि आर्यिका संघ का आहार हुआ। आज निर्यापक श्रमण समता सागर महाराज जी को आहार कराने का सौभाग्य श्री चंद्रकांत जैन राजनांदगांव परिवार को प्राप्त हुआ।दोपहर में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी कि भव्य महापूजा एवं महाआरती होगी जिसमे बाहर से आये उनके भक्तों के द्वारा अष्ट द्रव्य से अर्घ्य समर्पण किया जायेगा। शाम को भगवान के समवशरण में संगीतमय आरती होगी। रात्रि 8 बजे से मूकमाटी एनीमेशन फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में जैन समाज के एवं अन्य समाज के लोग सम्पूर्ण छत्तीसढ़ एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से अपने गुरुवर के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है। -**अविनाश जैन**

## जो धर्म के साथ जीवन जिया जाता है वही जीवन वास्तविक जीवन है : भावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज

*चलो प्रभु के साथ चलो, चलो गुरु के साथ चलो।*
*जीवन सुखी बनाना है, चलो धर्म के साथ चलो।*
*निर्मोही जीवन, हो-हो-2,*
*निष्काम बनाए रे।।*
*जीवन है पानी की बूंद, कब ।*



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** मनुष्य जीवन हमें प्राप्त हुआ है। हम विचार यह करें कि हम अपने जीवन को भोग रहे हैं या जीवन जी रहे हैं। यदि गहनता से विचार किया जाए तो आप पायेंगे, अपने जीवन को मात्र भोग रहे हैं। हमेशा ध्यान रखो पुण्य-पाप के आधीन जो जीवन जिया जाता है वह मात्र जीवन को भोग है, और जो धर्म के साथ जीवन जिया जाता है वही जीवन वास्तविक जीवन है जो वास्तव में जिया जा रहा है। यह मांगलिक प्रवचन संच शिरोमणि भावलिंगी संत दिगम्बराचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी मुनिराज ने गाजियाबाद के वसुन्धरा जैन मंदिर में उपस्थित धर्मस्य को सम्बोधित करते हुए प्रदान किया।

आचार्य श्री ने बताया मनुष्य जीवन के अन्त में अपने साथ मात्र दो ही लेकर जाता है पहला कर्म और दूसरा धर्म। पुण्य और पाप के भेद से कर्म दो भेद रूप है। कर्म के साथ धर्म हो भी सकता है और नहीं भी, किन्तु धर्म के साथ पुण्य कर्म के फल अवश्य दिखायी देते हैं। 02 फरवरी 2025 को आचार्य श्री ससंघ वसुन्धरा गाजियाबाद से पर विहार करते हुए विवेक बिहार जैन मंदिर में पहुँचे। स्थानीय समाज ने आर संघ की भव्य मंगल गवानी की।

## समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज समाधि स्मृति पर श्रमिक महिलाओं को बस्त्र वितरित

**ललितपुर (विश्व परिवार)।** समाधि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महामहोत्सव पर ललितपुर में स्वयंसेवी संस्था प्रतिभास्थली अभिभावक परिवार द्वारा दयोदय पशु संरक्षण केंद्र मसौरा में मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभास्थली परिवार की सदस्याओं एवं प्रतिभास्थली की दीदियों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन से किया।तत्पश्चात आचार्य श्री की प्रेरणा से संचालित चल-चरखा हथकरघा में कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को वस्त्र वितरित किए गए।

विनयांजलि सभा में वक्ताओं ने आचार्य श्री के जीवन चरित्र को बताया।उनके उपकारों को बताया। विनयांजलि सभा में प्रतिभास्थली परिवार भावुक दिखाई दिया। दोपहर में दयोदय गौशाला की गायों को रोटी, घास, गुड आदि खिलाया।सायंकाल प्रतिभास्थली की दीदी के निर्देशन में 36 दीपकों से आचार्य श्री की महा आरती की गई।इस दौरान दीपिका जैन, प्रियंका जैन, नीतू जैन पाली, दीपिका जैन लगौन, विनीता जैन कलरैया, प्रीति जैन, बबीता जैन, ज्योति जैन, दीप जैन, पलक जैन आदि मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### विशुद्धकुल गौरव श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर जी महाराज को Geniuses Award से सम्मानित किया

**भोपाल (विश्व परिवार)।** श्री विशुद्धकुल गौरव, आध्यात्मिक महाद्युति, श्रुतसंवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी, श्रुतप्रिय श्रमण श्री 108 अप्रमितसागर जी महाराज, अशोकनगर गौरव सहजानंदी श्रमण श्री 108 सहजसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 श्रेयससागर जी महाराज भोपाल में विराजमान है। मुनीत्रय की चरण धूलि से पावन हो रही है, भोपाल की वसुधा। नित्यम आदित्यम आनंदम। चर्या शिरोमणी आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी के परम शिष्य श्रुतसंवेगी श्रमण श्री आदित्यसागर महाराज जी जिन्होनें 38 वर्ष की अल्पायु में सबसे ज्यादा ग्रन्थ लिखने वाले और सबसे ज्यादा भाषा को जाननेवाले, श्रुतसंवेगी श्रमण मुनि श्री आदित्य सागर जी को Geniuses Award से मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा जी द्वारा सम्मानित किया गया। आदित्यसागर महाराज जी ने M.B.A. (Gold Medalist) और क्रक्र. जैसी शैक्षिक योग्यता, संपन्न एवं समृद्ध परिवार, स्वर्ण-आभूषणों के प्रतिष्ठित व्यापार और सुकुमारिता से भरे भविष्य की कामनाओं को एक पल में किसी तृण के समान छोड़ देने का साहस किया। जिसके पास विलासितापूर्ण जीवन जीने के अनेकों विकल्प मौजूद थे, जिसकी प्रखर दैहिक आभा, अप्रतिम सुंदरता, अद्वितीय बुद्धिलब्धि और पुण्य-शक्ति के आगे सभी सांसारिक सुख किसी चरण चंचरिक की तरह उसके सामने नतमस्तक होने को तैयार बैठे थे। 08 नवम्बर 2011 को गुरु के प्रति समर्पण के विशुद्ध-सागर में ऐसी डुबकी लगाई कि सागर के अंदर जो गया वह थे सन्मति, पर जो बाहर आये वह थे आदित्य। -**अभिषेक अशोक पाटील**

### कृषि विश्वविद्यालय में मनाई गई बसंत पंचमी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज बसंत पंचमी के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल नेहरू पुस्तकालय में आयोजित सरस्वती पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. वी.के. पाण्डेय, कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, संचालक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार डॉ. एस.एस. टुटेजा सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बसंत पंचमी के अवसर पर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया

**जामुल (विश्व परिवार)।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल के ग्राम सुरडुंग में बसंत पंचमी के अवसर पर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर थे। देवांगन समाज के आराध्या माता परमेश्वरी के महोत्सव में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने समाज गंगा को नमन कहते हुए कहा कि किसी भी समाज की पहचान उनके संख्या से नहीं बल्कि संगठन एवं सक्रीयता से होती है। आप लोगों ने मुझे इस सामाजिक महोत्सव में आमंत्रित किया इसके लिए मैं आप सभी सामाजिकगणों के प्रति कृतज्ञ हूं और मां परमेश्वरी से प्रार्थना करता हूं कि आपका समाज संगठित होकर आगे बढ़े। और आप लोगों ने जो भी मांगे रखीं है उसे अपने निधि से पूरा करूंगा। कार्यक्रम विशेष रूप से पार्षद अहिल्या वर्मा वरिष्ठजन तुलाराम टंडन, आत्मा राम वर्मा, देवांगन समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल देवांगन, भुषण देवांगन, पूर्व कोषाध्यक्ष, अनिल देवांगन पूर्व सचिव कन्हैया लाल देवांगन, वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी भरत देवांगन, संरक्षक भुनेश्वर देवांगन सहित देवांगन समाज से संबंधित सभी स्वजातीय गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया

**जामुल (विश्व परिवार)।** नगर पालिका क्षेत्र जामुल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बक्शी ने सफाई कार्य का निरीक्षण किया। अल सुबह से ही वार्ड क्र. 18, 17, 07, 03 में हो रहे सफाई कार्यों के संबंध में फील्ड सुपरवाईजरों से जानकारी लिया और हिदायत दी कि सफाई कार्यों में तेजी लाये एवं निरंतरता एवं निगरानी बनाये रखें। इसके साथ ही वार्डवासियों से भी जानकारी लिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति बक्शी ने आम लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार के कचड़ों को नाली या सड़क में ना फेंके। घर-घर से कचड़ा एकत्र करने वाले स्वच्छता मित्रों को ही दें एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी कचड़ा न डालें नगर को स्वच्छ एवं साफ बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। वार्ड निरीक्षण में सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे सहित स्वच्छता विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## महाकुंभ मेले में भगदड़ से 15 घंटे लापता रहीं महिला दो दिन बाद सकुशल घर लौटी

### मुहल्ले वासियों व परिवारजनों ने किया गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत, महिला के आँखों से निकले खुशी के आंसू

**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** कुंभ मेले में भगदड़ से 15 घंटे लापता एक महिला दो दिन बाद सकुशल अपने घर लौटी। उनके आने पर मुहल्लेवासियों एवं परिवारजनों ने गाजे बाजे के साथ माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया ।इस दौरान परिवारजनों का स्नेह देखकर आशा देवी के आँखों से खुशी के आंसू निकले वह फुट कर रोने लगी।

भावुक कर देने वाला यह दृश्य किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं है। दरअसल पुरानी टोली निवासी बुतरु राम उर्फ राजकिशोर सिंह की धर्मपत्नी आशा देवी उम्र (47) और उनके रिश्तेदार शोभा देवी (38) कलावती देवी , पुष्पा देवी (40) भाई अमित सिंह (33),जीजा बलराम सिंह (53) कुंभ स्नान के लिए गये थे । आशा देवी ने बताया वह अपने चार रिश्तेदारों के साथ 28 जनवरी की मध्य रात्रि के बाद धार्मिक तीर्थ प्रयागराज पहुंचें। उसके अगले दिन 29 जनवरी को दोपहर 1 बजे के बाद लाखों की भीड़ में पैदल 15 किलोमीटर पैदल हाइवे रोड के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने पीछे हटने के लिए कहा जिसमें लोग दबे और धक्का मुक्की हो गई। अचानक भगदड़ मचा । हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई।

इसी बीच मैं भीड़ में गुम हो गई थीं। भगदड़ शांत होने के 15 घंटे बाद परिजनों को ढूढ़ते हुए मेले स्थल पर मिली।

**जान बची तो लाखों पायें**- राजकिशोर सिंह पेपर वितरक का कार्य करते है। उन्होंने कहा परिवार से बढ़कर कुछ नहीं है। मेरी धर्म पत्नी आशा की भगदड़ में प्राण बच गई। भगवान ने उनको नया जीवन दिया हैं। भगदड़ में मेरी धर्मपत्नी आशा और परिजन सुरक्षित हैं। एक के दाएं हाथ में चोट लगी हैं।

## मास्टर ट्रेनर द्वारा निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया हेतु आज 4 वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर नागरिको को दी गई जानकारी

### आज ईवीएम प्रदर्शन, वार्ड-17 औधोगिक नगर, वार्ड 12 मोहन नगर, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 41 केलाबाड़ी व वार्ड 53 पोटिया कला उत्तर में किया जाएगा

**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम चुनाव में इस बार ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन मास्टर ट्रेनर के द्वारा 4 वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुँचकर ईवीएम का प्रदर्शन कर नागरिको को दी गई जानकारी।

4 फरवरी मंगलवार को सुबह 10 से 5 बजे तक मतदान केंद्रों व चौक-चौराहों पर जानकारी व प्रदर्शन के तहत वार्ड-17 औधोगिक नगर, वार्ड 12 मोहन नगर, वार्ड 35 रामदेव मंदिर, वार्ड 41 केलाबाड़ी व वार्ड 53 पोटिया कला उत्तर इसके अलावा 5 फरवरी को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक वार्ड - 18औद्योगिक नगर, वार्ड 10 शंकर नगर, वार्ड 36 गंजपारा, वार्ड 42 कसारिडीह व वार्ड 54 पोटिया कला में किया जाएगा। 6 फरवरी को वार्ड 22 स्टेशन पारा, वार्ड 11 शंकर नगर, वार्ड 33 चंडी मंदिर, वार्ड 43 कसारीडीह एवं वार्ड 55 पुलगांव में भी किया जाएगा।मास्टर ट्रेनर के द्वारा ईवीएम के जरिये निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगो को दी जा रही है जानकारी।नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का प्रत्याशियों के समक्ष प्रदर्शन (डेमोस्ट्रेशन) किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मशीन की कार्यप्रणाली और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी।

प्रदर्शन के दौरान मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के विभिन्न हिस्सों और उनके कार्यों का विस्तार से परिचय कराया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है।मास्टर ट्रेनर ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने मतदान के दौरान हर मतदाता की गोपनीयता और स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। ईवीएम के प्रदर्शन के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर ने डिजिटल तकनीकी के माध्यम से चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के महत्व को भी बताया ताकि वे अधिक आत्मविश्वास के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग ले सकें।

## एनआईटी रायपुर के मोटोस्पोर्ट्स क्लब के विद्यार्थियों ने फार्मूला भारत प्रतियोगिता में लिया भाग

### ओवरआल 10वाँ स्थान प्राप्त कर बढ़ाया संस्थान का मान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के मोटोस्पोर्ट्स क्लब, टीम यूनाइटेड रेसिंग ने फॉर्मूला भारत %25 के लिए फॉर्मूला स्टूडेंट कार तैयार की है। फॉर्मूला भारत प्रतियोगिता एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जिसमें देश के विभिन्न संस्थानों के छात्र भाग लेते हैं और अपनी खुद की डिज़ाइन की गई फॉर्मूला स्टाइल रेस कारों का प्रदर्शन करते हैं। इस दौरान, प्रत्येक डिज़ाइन को कई स्तरों पर परखा जाता है और विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाते हैं। वे पिछले दो वर्षों से इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और यह उनका तीसरा वर्ष रहा।

प्रतियोगिता में जाने से पूर्व उनके अंतिम परीक्षण में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एन वी रमना राव, डीन अकादमिक डॉ. श्रीश वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ. पी वाई ढेकने, सीडीसी प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी, खनन इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनोज प्रधान, टीम यूनाइटेड रेसिंग के संकाय प्रभारी डॉ. संजीव कुमार, एनआईटीआरआरएफआईई के सीईओ डॉ. अनुज कुमार शुक्ला की उपस्थिति रही। विस्तृत चर्चा के माध्यम से निदेशक महोदय ने पिछले वर्ष के डिजाइन की प्रगति और परिवर्तनों का निरीक्षण किया। टीम यूनाइटेड रेसिंग ने इस बार वाहन में काफ़ी बदलाव किए हैं, वाहन की लंबाई और चौड़ाई को काफ़ी कम किया गया है ताकि वाहन ज़्यादा कॉम्पैक्ट बन सके। साथ ही ऑटोक्रॉस इवेंट के के लिए ज़रूरी इसकी मोड़ने की क्षमता को भी बढ़ाया गया है। इसका निर्माण संस्थान में ही किया गया हैं ताकि किसी भी तरह के अनावश्यक खर्च से बचा जा सके। संस्थान की मोटोस्पोर्ट्स क्लब की टीम ने इस वर्ष 22 जनवरी से 27 जनवरी तक कारी मोटर स्पीडवे, कोइम्बटूर, तमिलनाडु में आयोजित फार्मूला भारत प्रतियोगिता में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान संस्थान की मोटोस्पोर्ट्स टीम ने कम्बशन केटेगरी में भाग लिया और इंजीनियरिंग डिजाईन प्रेजेंटेशन में नेशनल फाइनलिस्ट रही। इसके साथ ही बिसनेस प्लानिंग प्रेजेंटेशन में 10वाँ रैंक और कॉस्ट रिपोर्ट में। 7वां स्थान प्राप्त किया। मोटोस्पोर्ट्स टीम ने देश भर से भाग ली गई 28 टीम्स में से ओवरआल 10वाँ स्थान हासिल किया।

## नगरीय निकाय चुनाव के लिए...पेज-01 का शेष

तालाबों की सफाई और जल संरक्षण के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ा जाएगा।

**महिलाओं के लिए विशेष योजनाएँ**- विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे।

बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। महिला स्वयं सहायता समूहों को 2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**रोजगार और शिक्षा**- नालंदा परिसर की तर्ज पर सार्वजनिक अध्ययन केंद्र और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। युवाओं के लिए रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स खोले जाएंगे। यूपीएससी मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**स्ट्रीट वेंडर्स और व्यापारियों के लिए विशेष योजना**- पीएम स्वनिधि योजना के तहत ?30, 000 तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन और फूड स्ट्रीट्स विकसित किए जाएंगे। व्यापारिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएंगी।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर मंगलवार 04 फरवरी 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गरियाबंद के वार्ड क्रमांक 1 में त्रिकोणीय मुकाबला

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** नगरपालिका गरियाबंद के वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस के प्रत्याशी ने पिछले कार्यकाल में जीत हासिल की है। वहीं इस बार जनता की अपेक्षाएं हैं कि वार्ड पार्षद वार्ड ही का प्रत्याशी रहे।वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस और बीजेपी के प्रत्याशियों की स्थिति के बारे में जानकारी है कि ,निर्दलीय प्रत्याशी की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख देखने को मिलता है। हालांकि, उपलब्ध स्रोतों में पैरी कॉलोनी के वार्ड क्रमांक 1 की जानकारी अनुसार जनता का निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन मिल रहा है वही भाजपा प्रत्याशी भी बढ़ चढ़कर जन समर्थन में हिस्सा ले रहे हैं, किंतु कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पार्षद होने के चलते जनता उनके ऊपर भी विचार विमर्श करने पर मजबूर है। जनता के बीच एक ही संकट उत्पन्न हो रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी किसी दूसरे वार्ड से है, जिसके चलते जनता विवस एवं मजबूर है, जनता के मुताबिक राष्ट्रीय दल कांग्रेस बीजेपी या फिर किसी निर्दलीय प्रत्याशी जनता को साधने में सफल हो पाएगी।निर्दलीय प्रत्याशियों को जनता वार्ड पार्षद के रूप में स्वीकार करेगी या नहीं, यह चुनाव परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि जनता ने किसे पार्षद के रूप में स्वीकार किया है।

### आदमखोर हुआ तेंदुआ, अधेड़ का शव झाड़ियों में मिली

**धमतरी(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में तेंदुआ के हमले से बुजुर्ग की मौत हो गई,इस घटना के बाद तेंदूए की मौजूदगी को लेकर इलाके में दहशत का माहौल है, मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग और पुलीस की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के बेंद्राचूवा गांव की सुबह 5 बजे की बताई जा रही है,जहां सोनारिन देहार के रहने वाले मनराखन ध्रुव उम्र 62 वर्ष सायकल में सवार होकर किसी काम से बेंद्राचुआ गांव पहुंचा था,इस दौरान वह सड़क किनारे खड़ा था,तभी अचानक तेंदुआ वहां पहुंचा और बुजुर्ग पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। गौरतलब है कि जंगली क्षेत्र होने के कारण इलाके में आए दिन तेंदूए द्वारा गाय, बकरी और मुर्गे के शिकार का मामला आते रहता है,वहीं इस क्षेत्र पहले तेंदुआ द्वारा लोगों पर हमला करने का मामला सामने आ चुका है, इस मामले में उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी पंचराम साहू ने बताया कि घटना देर रात की है, जहां तेंदुआ के हमले से एक व्यक्ति की मौत हुई है, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई कर रही है,वहीं तेंदूए की मौजूदगी को लेकर वन विभाग की टीम लगातार मॉनिटरिंग कर लोगों को अलर्ट कर रही है।

### मुखबीरी के शक में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**कांकेर(विश्व परिवार)।** नक्सलवाद के खात्मे के लिए बड़े एंटी नक्सल अभियान चलाए जा रहे हैं. जिसमें लगातार जवानों को सफलता भी मिल रही है. इसकी बौखलाहट में नक्सली ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं. नक्सलियों ने आज एक और ग्रामीण को पुलिस मुखबिरी के आरोप में मौत के घाट उतार दिया. दरअसल, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के कियर गांव में आज नक्सलियों ने खूनी खेल खेला. गला घोंटकर और पीट-पीटकर एक ग्रामीण की हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद माओवादियों ने पर्चा भी फेंका है. जिसमें पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया है. क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

### गैस सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा, चालक की मौत

**बालोद(विश्व परिवार)।** जिले में रविवार की शुरुआत हादसों से भरी रही. अलग-अलग सड़क हादसे में 1 की मौत हुई और 6 लोग घायल हो गए. ये हादसे गुरुर थाना क्षेत्र और बालोद थाना क्षेत्र में हुए हैं. गैस सिलेंडर से भरा ट्रक आज सुबह अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 30 पर पलट गई. हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई. वहीं ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया. जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना गुरुर थाना क्षेत्र के जगतरा गांव की है. जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर से ट्रक गैस सिलेंडर लेकर रायपुर की ओर जा रही थी. जगतरा गांव में एक मंदिर के पास मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गई. जिसके बाद ट्रक ट्रैक्टर से जा टकराई और नेशनल हाइवे पर पलट गई. इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। वहीं 1 राहगीर ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गया. घायल युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया, जिसे हॉस्पिटल भेजा गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. जिले में एक और सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए. बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम पडकीभाट के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने से भिड़ंत हो गई. हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं. तीन की हालात गंभीर बताई जा रही है. घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# बर्डफ्लू रोग की रोकथाम के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीम गठित

**बाहर से आने वाले पोल्ट्री एवं पोल्ट्री उत्पाद की होगी जांच**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** प्रदेश के रायगढ़ जिले मे बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि होने के बाद भारत शासन के निर्देशानुसार बर्डफ्लू रोग नियंत्रण एवं रोकथाम सम्बन्धी दिशा-निर्देश का पालन किया जाना है। इस दिशा में कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिले में पशुधन एवं पक्षियों में बीमारियों के रोकथाम एवं सतत् निगरानी हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन किया गया है। बर्डफ्लू रोग के नियंत्रण एवं सर्वलांस के लिए सभी एहतियाती पहल किए जाने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त उपसंचालक सहित वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, प्रभारी, पशु चिकित्सालय, प्रभारी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र, प्रभारी पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला और प्रबंधक शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र को दिए गए हैं। वहीं बाहर से आने वाले पोल्ट्री एवं पोल्ट्री उत्पाद का जांच सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सयुंक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बर्डफ्लू रोग पक्षियों का संक्रामक एवं घातक रोग है जिससे बैकयार्ड पोल्ट्री पालक एवं पोल्ट्री व्यवसायों को अत्यधिक हानि होता है। यह रोग मनुष्यों को भी संक्रमित करता है। राज्य के सीमा पार से बर्ड फ्लू रोग के प्रवेश रोकने एवं पक्षियों में असामान्य बीमारी एवं मृत्यु हेतु सतर्क रहें। भारत सरकार के गाईड लाईन्स में दिये गये सैम्पल साईज का पालन करते हुये नमूने एकत्र कर राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। विकरीय सामग्री विक्रय करने वाले बाजार, पोल्ट्री मार्केट, चेन सप्लाई एरिया, बतख पालन प्रक्षेत्र एवं जंगली व अप्रवासी पक्षियों के इलाको में विशेष निगरानी सुनिश्चित किया जाए। अचानक पक्षियों यथा बतख, कौवे, कुक्कुट एवं प्रवासी पक्षियों की बड़ी संख्या में मृत्यु होने पर बायो-सेक्यूरिटी नियमों का पालन करते हुये मृत पक्षियों का नमूना एकत्र कर राज्य स्तरीय रोग अन्वेषण प्रयोगशाला रायपुर से समन्वय बनाकर केन्द्रीय अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाए। बर्डफ्लू रोग के नियंत्रण की दिशा में वन विभाग से समन्वय स्थापित कर अक्सर अप्रवासी पक्षियों के देखे जाने वाले क्षेत्र जैसे नेशनल पार्क, राष्ट्रीय अभ्यारण्य, पोखर, झील को चिन्हांकित कर उन इलाकों के समीप पोल्ट्री पॉपुलेशन सर्वलांस एवं सेरो सर्वलांस हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करें। बैकयार्ड पोल्ट्री एवं व्यवसायिक पोल्ट्री से जुड़े सभी लोगों को पक्षियों में असामान्य बीमारी एवं मृत्यु की सूचना तुरंत निकटतम पशु चिकित्सा संस्था में देने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

### आबकारी अमले ने की अवैध शराब जब्त

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आज जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन मे ग्राम ग्राम कोपेडिही थाना भखारा में कार्यवाही करते हुए कुल 140 लीटर महुआ शराब जप्त कर तथा महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त बोरियों में 4460 किलोग्राम लाहन (कुल क़ीमत 2,06,400 रुपए) को नष्ट कर अज्ञात आरोपी के ख़िलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमति प्रद्युमन नेताम आबकारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा , आशीष ध्रुव,दयाराम गोटे आबकारी मुख्य आरक्षक मुरली सोनी आबकारी आरक्षक प्रशांत यादव नगर सैनिक राहुल साहू,ज्योति उपस्थित रहे।

# जगदलपुर की मिल्कियत हासिल करने लगातार परिश्रम कर रहे हैं मलकीत सिंह गैदू

**संजय मार्केट, इतवारी बाजार में किया जनसंपर्क**

**सभी वर्ग के व्यापारियों से मलकीत ने मांगा समर्थन**

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** नगर निगम जगदलपुर की मिल्कियत हासिल करने कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू जमकर परिश्रम कर रहे हैं। वे लगातार समाज के सभी वर्गों के बीच पहुंच रहे हैं। मलकीत सिंह गैदू आज संजय मार्केट, इतवारी बाजार के समस्त प्रतिष्ठानों, ठेले, गुमटियों में पहुंचे। महिलाओं, युवाओं व माता बहनों और संजय मार्केट व इतवारी बाजार के व्यापारियों से आत्मीय भेंट कर कांग्रेस को प्रचंड मतों से विजयश्री दिलाने हेतु अपील की। पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू का भव्य स्वागत हुआ। शहर और हर वार्ड के बेहतर विकास हेतु कांग्रेस का परचम लहराने श्री गैदू के साथ सभी वरिष्ठ नेता भी लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू ने पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद, माता बहनों व युवाओं से वार्ड के विकास पर सुझाव मांगे और शहर के बेहतर विकास हेतु नए विजन पर चर्चा की। श्री गैदू ने समर्थन रुपी आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड के पार्षद प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताने व निगम में कांग्रेस का महापौर बनाने के लिए अपील की। नगर निगम जगदलपुर से कांग्रेस के महापौर प्रत्याशी मलकीत सिंह गैदू ने आज दूसरे दिन के जनसंपर्क के पूर्व गुरुद्वारा पहुंचे। श्री गैदू ने गुरुद्वारे में माथा टेका, गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष दरबार में हाजिरी लगाई व जगदलपुर बस्तर की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की और जीत का आशीर्वाद लिया।

# कलेक्टर धर्मेश कुमार ने डबल केज व्हील वाहनों को सड़क पर चलाने लगाई रोक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)** । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि प्राय: यह देखा जा रहा है कि डबल केज व्हील युक्त वाहनों के सड़कों पर आवागमन से सड़कों का अत्यधिक क्षरण होता है, जिसके परिणामस्वरूप सड़कें खराब हो जाती हैं तथा नवनिर्मित सड़कों को भी समय पूर्व मरम्मत की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे खराब सड़कों से दुर्घटना की संभावना एवं आमजन के लिए समस्या उत्पन्न होती है, जिससे शासन को न केवल वित्तीय हानि होती बल्कि शासन की छवि भी धूमिल होती है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत सड़कों पर डबल केज व्हील युक्त वाहनों के आवागमन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाता है।इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### निर्दलीय प्रत्याशी कांग्रेस और भाजपा दोनों को दे रहे है कड़ी टक्कर

**गरियाबंद (विश्व परिवार)** आगामी नगर पालिका चुनावों में, वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस के पूर्व पार्षद रितिक सिन्हा का टिकट कटने के बाद, उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। इस कदम से वे कांग्रेस और भाजपा दोनों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं और उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है। हालांकि, उपलब्ध स्रोतों में वार्ड क्रमांक 15 के निर्दलीय प्रत्याशी के बारे में विशिष्ट जानकारी नहीं मिली है। इन घटनाओं से स्पष्ट होता है कि टिकट वितरण से असंतुष्ट नेता निर्दलीय रूप से चुनाव लड़कर प्रमुख दलों को चुनौती दे रहे हैं और जनता का समर्थन प्राप्त कर रहे हैं। उदाहरण के लिए वार्ड क्रमांक 12 में कांग्रेस से टिकट कटने के बाद पुनाराम यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं । कुल मिलाकर, निर्दलीय उम्मीदवार की सफलता मुख्य रूप से उसकी व्यक्तिगत छवि, जनसंपर्क, और स्थानीय मुद्दों एंव पकड़ पर निर्भर करती है। यदि वह जनता का विश्वास जीतने में सफल होता है, तो उसे बीजेपी और कांग्रेस के खिलाफभी जीत मिल सकती है।

# जिला पंचायत क्षेत्र 10 से नेहा सिंघल ने बीजेपी समर्थन से दाखिल किया नामांकन

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवार नेहा सिंघल ने आज आधिकारिक रूप से अपना नामांकन दाखिल किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों की उपस्थिति में उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। नामांकन के दौरान नेहा सिंघल ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे बीजेपी ने उम्मीदवार बनाया है। मैं जनसेवा को प्राथमिकता दूंगी और जनता की उम्मीदों पर खरी उतरने का प्रयास करूंगी।

इस मौके पर बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने उनका जोरदार स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने भरोसा जताया कि नेहा सिंघल की जीत निश्चित है और क्षेत्र के विकास में उनका अहम योगदान रहेगा। उल्लेखनीय हैं कि नेहा सिंघल क्षेत्र कि लोकप्रिय व जाना पहचाना चेहरा हैं पूर्व में जनपद पंचायत कि अध्यक्ष रहते हुए ग्राम पंचायती राज के संचालन का अच्छा अनुभव इनको रहा है यह अपने पद में रहते हुए देवभोग क्षेत्र में विकास करने के लिए जानी जाती है इन्होंने अपने समय में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, नामांकन प्रक्रिया के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची जल्द जारी की जाएगी। अब सभी की निगाहें आगामी चुनावी अभियान और मतदान प्रक्रिया पर टिकी हैं।

# सड़क निर्माण के औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर, मौके पर करवायी सैंपल की जांच

**कलेक्टर और एसपी ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण**

**रायगढ़(विश्व परिवार)** । कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के साथ शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सड़क निर्माण के साथ ऑक्सीजोन और नालंदा परिसर के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष रूप से ध्यान रखें। बारिश शुरू होने से पहले अभी पर्याप्त समय है इसका सदुपयोग करते हुए कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश उन्होंने सभी ठेकेदारों को दिए। निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप भी साथ रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने छातामुड़ा चौक से जुटमिल तक बन रहे सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने सड़क की मोटाई की जांच करवाई साथ ही सड़क बनाने में उपयोग किये जा रहे हैं मटेरियल की रैंडम सैंपल लेकर बिटूमिनस एक्सट्रैक्टर से अपने सामने जांच करवाई। यह जांच मौके पर लगभग आधे घंटे तक चलती है। इस प्रक्रिया से मटेरियल में कोलतार के मात्रा की जांच की जाती है। जांच में मात्रा सही पाई गई। उन्होंने सड़क के अलग-अलग हिस्सों की रेंडम सेंपलिंग करवाकर काम की गुणवत्ता जांची। कलेक्टर श्री गोयल ने ठेकेदार से कहा कि काम में पुरी गुणवत्ता होनी चाहिए। सही क्वालिटी का मटेरियल उपयोग करें। रोलर और वाइब्रो का इस्तेमाल कर समतल और अच्छी गुणवत्ता की सड़क बनाएं। जो लंबे समय तक टिकाऊ रहे। उन्होंने आयुक्त नगर निगम और ईई पीडब्लूडी को कोर कटिंग का सैंपल लेकर उसकी भी जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने ऑक्सीजोन निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने प्रोजेक्ट के अनुसार चल रहे कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां बाउंड्री वॉल और पार्किंग स्थल के निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजोन में आवश्यकता के अनुसार व्यवस्थित रूप से पार्किंग का निर्माण हो तथा प्रोजेक्ट में शामिल निर्माण के दूसरे कॉम्पोनेंट का निर्माण समय से पूरा करें। कलेक्टर श्री गोयल ने नालंदा परिसर निर्माण स्थल का भी जायजा लिया। यहां उन्होंने चल रहे फाउंडेशन निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्माण कार्य में क्वालिटी और समय-सीमा का पूरा ध्यान रखें। तकनीकी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर मंगलवार 04 फरवरी 2025



## व्यापार समाचार

### भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री बीते 10 वर्षों में 6 गुना से अधिक बढ़ी

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में बीते 10 वर्षों में 6 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इसका एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर दिसंबर 2024 में 66.93 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि दिसंबर 2014 में 10.51 लाख करोड़ रुपये था। यह जानकारी शुक्रवार को एक रिपोर्ट में दी गई। पैसिव फंड्स का एयूएम बढ़कर 10.85 लाख करोड़ रुपये हो गया है और कुल मार्केट शेयर में हिस्सेदारी बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। एक्टिव फंड्स का एयूएम बढ़कर 56.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, कुल एयूएम में इक्विटी की हिस्सेदारी सबसे अधिक 60.19 प्रतिशत है। इसके बाद डेट की 26.77 प्रतिशत, हाइब्रिड की 8.58 प्रतिशत और अन्य की 4.45 प्रतिशत हिस्सेदारी है। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि यह विस्तार विभिन्न निवेशकों की जरूरतों को पूरा करने और वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की उद्योग की क्षमता को दर्शाता है। इनोवेशन, टेक्नोलॉजी और जरूरतों के मुताबिक समाधान विकास को बनाए रखने और भविष्य के अवसरों को तलाशने में महत्वपूर्ण होंगे। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में 1,98,000 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है। इसमें से इक्विटी की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही। तिमाही में 84 नई स्कीमें लॉन्च हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि नेट इनफ्लो में इक्विटी सेगमेंट की हिस्सेदारी 69 प्रतिशत से अधिक की थी। वहीं, डेट फंड्स का नेट इनफ्लो 38,000 करोड़ रुपये से भी अधिक का था। मल्टी एसेट फंड्स में करीब 9,300 करोड़ रुपये और बैलेंस एडवांटेज फंड्स में 4,800 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 10 वर्षों में डीमैट खातों की संख्या में भी उछाल आया है। अगस्त 2024 तक 17.10 करोड़ से अधिक डीमैट खाते खोले जा चुके थे। वित्त वर्ष 2014 में यह आंकड़ा 2.3 करोड़ था। इस अवधि के दौरान डीमैट खातों की संख्या में 650 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

### खपत बढ़ने का असर! भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में हुआ इजाफा

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत पर था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। ट्रांसयूनियन सिबिल क्रेडिट मार्केट इंडिकेटर (सीएमआई) रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है। ट्रांसयूनियन सिबिल के सीईओ और एमडी, भावेश जैन ने कहा, क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। जैन ने आगे कहा कि यह लेंडर्स के लिए एक अवसर हो सकता है कि वे ऐसे उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है। जैन ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है। नई विश्लेषणात्मक तकनीकों द्वारा पोर्टफोलियो निगरानी लेंडर्स को पूरे भारत में योग्य उपभोक्ताओं को विवेकपूर्ण तरीके से लोन देने में सक्षम बनाएगी, जो आर्थिक गतिविधि और विकास के लिए एक वाहक के रूप में काम करेगा।

### भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में आईफोन की हिस्सेदारी में आया बड़ा उछाल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में 2024 में एप्पल आईफोन की बिक्री में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत का बड़ा उछाल देखने को मिला है। साथ ही आईपैड की बिक्री में भी 44 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हुई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा आईएएनएस को शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि 2024 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल आईफोन की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ना और छोटे शहरों में प्रीमियमाइजेशन का बढ़ता चलन है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी (इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप), प्रभु राम ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2024 में एप्पल के आईफोन और आईपैड में दोहरे अंक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह स्मार्टफोन में प्रीमियमाइजेशन बढ़ना है। इसके साथ ही एप्पल को घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने और रिटेल सेगमेंट के विस्तार का फायदा मिल रहा है। भारत मध्यम वर्ग तेजी से प्रीमियम डिवाइस की तरफ आकर्षित हो रहा है। इसकी वजह केवल लाइफस्टाइल में बदलाव होना ही नहीं, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी को जल्द अपनाने की आकांक्षा होना भी है। उन्होंने आगे कहा, आईफोन और आईपैड की अपील एप्पल के लिए बाजार वृद्धि का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। वर्ष 2025 और उसके बाद भी वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। भारत में एप्पल के लिए अभी भी शुरुआती दिन हैं। 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एप्पल की एंट्री भारत के शीर्ष पांच मोबाइल ब्रांड में हो गई थी। वॉल्यूम के हिसाब से कंपनी का मार्केट शेयर करीब 10 प्रतिशत पर पहुंच गया था। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण कंपनी ने घरेलू बिक्री के साथ निर्यात में भी रिकॉर्ड बनाया है। 2024 में एप्पल इंडिया द्वारा 1.1 करोड़ से ज्यादा शिपमेंट की गई है। राम के मुताबिक, आने वाले वर्ष में भारत में एप्पल की वृद्धि मजबूत गति के साथ जारी रहने की उम्मीद है, जो आक्रामक खुदरा विस्तार, टारगेटेड विपणन रणनीतियों और महत्वाकांक्षी भारतीय बाजार में गहरी पैठ से प्रेरित है।

# दुबई में हमारा मिशन सिर्फ एक मैच नहीं बल्कि चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है : गंभीर

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में शुरू होने में मात्र 17 दिन शेष हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, न कि केवल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जीत हासिल करने पर। 2002 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से भिड़ेगी। मुंबई में बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह के अवसर पर गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23 तारीख का मैच हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि पांच मैच, सभी मैच महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष मैच जीतना। उन्होंने कहा, लेकिन हां, यदि यह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बीच का एक मैच है, तो हम इसे यथासंभव गंभीरता से लेने का प्रयास करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर है कि भावनाएं बहुत अधिक होती हैं, लेकिन अंत में यह एक मुकाबला ही रहता है। भारत को 20 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भिड़ना है। यह मैच आठ टीमों के टूर्नामेंट के नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए जीतने बहुत महत्वपूर्ण हैं। गंभीर ने यह भी महसूस किया कि एकदिवसीय विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान गलती की बहुत कम गुंजाइश होती है। गंभीर ने कहा, 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी एक पूरी तरह से अलग चुनौती है क्योंकि हर खेल सचमुच निर्णायक होता है, इसलिए आप इस टूर्नामेंट में कहीं भी नहीं रुक सकते। उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छी शुरुआत करेंगे, क्योंकि आखिरकार, अगर आप आगे बढ़ना चाहते हैं और प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं, तो आपको पांच गेम जीतने होंगे। गंभीर ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के हाल के खराब प्रदर्शन के बावजूद आगामी टूर्नामेंट में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर भरोसा जताया। रोहित और कोहली के साथ रविंद्र जडेजा 2013 में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के एकमात्र मौजूदा सदस्य हैं।

# मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था। अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढ़कर 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 35,163 करोड़ रुपये हो गया है। स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है। कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है। मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी ने तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में 4,66,993 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 4,29,422 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी ने 99,220 वाहनों का निर्यात भी किया, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक निर्यात है।

# एमएस धोनी चाहते हैं उन्हें इस खास चीज के लिए याद रखे दुनिया, खुद जाहिर की ख्वाहिश

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रिटायरमेंट लिए 5 साल से अधिक वक्त हो गया है, लेकिन ऐसा शायद ही कोई दिन बीतता हो, जब वह खबरों में ना रहते हो. अब सोशल मीडिया पर एमएस का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वो एक दिल छूने वाली बात कहते नजर आ रहे हैं. तो आइए आपको बताते हैं कि माही ने क्या कहा. भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी करोड़ों लोगों के आइडियल हैं. उनकी उपलब्धियों पर तो पूरी किताब लिखी जा सकती है. मगर, माही चाहते हैं कि उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान के रूप में याद किया जाना चाहिए. हाल ही में नमिता थापर से बातचीत के दौरान माही ने इस इच्छा को जाहिर

किया. एमएस धोनी ने कहा, मैं चाहता हूं कि मुझे एक अच्छे इंसान के रूप में याद किया जाए, न कि इतने सारे फॉलोअर्स के लिए. कुछ लोग इतने सारे फॉलोअर्स होने के कारण सबसे खराब व्यक्ति भी हो सकते हैं. एमएस धोनी भारत के ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं. वह एकमात्र कप्तान हैं, जिन्होंने अपनी टीम के लिए टी-20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है. जी हां, माही ने अपनी कप्तानी में 3 आईसीसी ट्रॉफी जिताईं. माही ने 15 अगस्त 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, तब से वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं. आईपीएल 2025 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी को 4 करोड़ रुपये में रिटेन करके अपने साथ बरकरार रखा है. असल में, आईपीएल में अनकैप्ड प्लेयर रूल की वापसी हुई, जिसके तहत 5 साल से इंटरनेशनल मैच ना खेलने वाले खिलाड़ियों को 4 अनकैप्ड मानते हुए 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया जा सकता है. ऐसे में अब माही अपकमिंग सीजन में एक बार फिर पीली जर्सी में चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करते दिखेंगे.

# दुबे और राणा के बीच कोई समानता नहीं थी, कनकशन सब्स्टीट्यूट फैसले पर सुनील गावस्कर ने कहा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने कहा कि चौथे टी20 मैच में शिवम दुबे की जगह हर्षित राणा को कनकशन (सिर में चोट) के कारण सब्स्टीट्यूट के रूप में लेना सही नहीं था। इससे भारत की जीत का आकर्षण कम हो गया। शिवम दुबे को आखिरी ओवर में बल्लेबाजी के दौरान सिर पर गेंद लगी थी और उन्हें हटा दिया गया। उनकी जगह हर्षित राणा, जो एक तेज गेंदबाज हैं, को टीम में शामिल किया गया था। राणा ने अपने डेब्यू मैच में 3 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत ने 182 रन बचाकर 15 रनों से जीत दर्ज की और सीरीज अपने नाम कर ली। लेकिन इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने इस बदलाव पर आपत्ति जताई थी। गावस्कर भी इससे बहुत प्रभावित नहीं है। उन्होंने कहा, दुबे चोट लगने के बाद भी अंत तक बल्लेबाजी करते रहे, तो इसका मतलब है कि वे गंभीर

रूप से घायल नहीं थे। ऐसे में कनकशन सब्स्टीट्यूट देना ही गलत था। अगर उन्हें कोई और चोट लगी होती, तो भी सिर्फ़ फील्डिंग के लिए सब्स्टीट्यूट मिलता, गेंदबाज नहीं। उन्होंने मज़ाकिया अंदाज में कहा, अगर दुबे और राणा में कोई समानता थी, तो सिर्फ उनकी लंबाई और फील्डिंग का स्तर! उन्होंने कहा कि इंग्लैंड को इस फैसले से ठगा हुआ महसूस करने का पूरा हक है। आईसीसी के नियम 1.2.7 के अनुसार, कनकशन रिप्लेसमेंट वही खिलाड़ी होना चाहिए, जो हटाए गए खिलाड़ी की भूमिका निभा सके और टीम को अतिरिक्त फायदा न मिले। गावस्कर ने इसे क्रिकेट के सबसे खराब नियमों में से एक बताया। उन्होंने कहा, अगर कोई बल्लेबाज बाउंसर नहीं खेल सकता और सिर पर चोट लगवा लेता है, तो उसे खेलने का अधिकार ही नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर कोई खिलाड़ी उंगली या कलाई तोड़ ले, तो उसे सब्स्टीट्यूट क्यों नहीं मिलता? फिर सिर पर चोट लगने वाले को क्यों मिले? आईसीसी के नियम 1.2.7 के अनुसार, कनकशन रिप्लेसमेंट वही खिलाड़ी होना चाहिए, जो हटाए गए खिलाड़ी की भूमिका निभा सके और टीम को अतिरिक्त फायदा न मिले।

### जेनेलिया देशमुख ने शेयर किए पुणे यूनाइटेड टीम की जीत के पल

**मुंबई( एजेंसी )।** अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के नए सीजन में अपनी टीम पुणे यूनाइटेड की जीत का जश्न मनाती नजर आईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर जीत के पलों को शेयर करते हुए प्रशंसकों को झलक दिखाई। अभिनेत्री कभी मजेदार तो कभी काम से जुड़े पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर खासा उपस्थिति दर्ज कराती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के सेक्शन पर तस्वीरों के साथ कुछ वीडियो को भी शेयर किया, जिसमें वह फैमिली के साथ जीत के पलों का लुत्फ उठाती नजर आईं। जेनेलिया और उनके पति रितेश देशमुख टीम के सह-मालिक हैं। पुणे यूनाइटेड ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फाइनल की एक तस्वीर शेयर की। टीम ने बड़ी जीत के पीछे टीम की मेहनत और आत्मविश्वास को श्रेय देते हुए बताया कि टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, यही काफी है। कैप्शन में लिखा, सबसे मुश्किल और खास समय में इस टीम ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और जीत हासिल की।

# गोपाल विट्ठल बने जीएसएमए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष

**गुरुग्राम:** भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस ङ्क पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में, गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था। इससे पहले, वह 2019 - 2020 के दौरान भी बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य रह चुके हैं। उनके पास दूरसंचार क्षेत्र में गहरा अनुभव है और यह नियुक्ति उनकी नेतृत्व क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाती है। जीएसएमए दूरसंचार उद्योग का एक वैश्विक संगठन है, जो 1100 से अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ ङ्क साथ हैंडसेट और डिवाइस निर्माता, सॉफ्टवेयर कंपनियां, नेटवर्क उपकरण प्रदाता और इंटरनेट कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा, इससे जुड़ी कई अन्य संस्थाएं भी दूरसंचार उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# एचडीएफसी बैंक व सीईआरएसएआई ने सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**मोहाली:** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों एचडीएफसी बैंक और भारत सरकार की कंपनी सेंट्रल रजिस्ट्री ऑफ सिक्यूरिटाइजेशन एसेट रिकंस्ट्रक्शन एंड सिक्योरिटी इंटरेस्ट (सीईआरएसएआई) ने सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआरआर) पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी), 'एंटी मनी लॉन्ड्रिंग' (एएमएल) और सीकेवाईसीआरआर पर उपलब्ध केवाईसी डेटा के उपयोग और सीकेवाईसीआर डेटा का उपयोग करते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में व्यापक जानकारी प्रदान करना था, जिससे एक सुरक्षित और पारदर्शी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो और वित्तीय संस्थानों को धोखाधड़ी और संपत्ति के दोहराव के जोखिम से बचाया जा सके। कार्यक्रम में पूरे भारत के निजी, सार्वजनिक और सहकारी बैंकों तथा एनबीएफसी के 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), फायनेंसियल इंटेलिजेंस यूनिट, सीईआरएसएआई तथा एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। एचडीएफसी बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री भावेश जावेरी ने सीईआरएसएआई के विकास पर बात की जो पिछले कुछ वर्षों में डेटा तथा ग्राहकों के केवाईसी दस्तावेजों का एकल बिंदु भंडार बन गया है। संगठन के पास वर्तमान में 7,000 से अधिक रिपोर्टिंग संस्थाएं पंजीकृत हैं, जो लगभग 100 करोड़ ग्राहकों को कवर करती हैं, जिसका लाभ सभी रिपोर्टिंग संस्थाओं द्वारा उठाया जा सकता है। उन्होंने 'सेंट्रल केवाईसी' (सीकेवाईसी) के उपयोग के क्षेत्र में दिए गए समर्थन के लिए आरबीआई को धन्यवाद भी दिया। सीईआरएसएआई के एमडी और सीईओ श्री उमेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर बात करते हुए सीईआरएसएआई को सीकेवाईसी के तहत रिकॉर्ड प्रस्तुत करने की प्रक्रिया तथा ग्राहक पहचान के लिए इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राहक किस प्रकार मिस्ड कॉल के माध्यम से या सीईआरएसएआई की वेबसाइट से उल्लिखित चरणों का पालन करके अपना सीकेवाईसी नंबर प्राप्त कर सकते हैं। श्री सिंह ने मोहाली स्थित बैंक हाउस में यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एचडीएफसी बैंक को धन्यवाद दिया। केवाईसी एएमएल पर आरबीआई के नवीनतम मास्टर निर्देश के आधार पर सीईआरएसएआई को रिकॉर्ड प्रस्तुत करने से संबंधित अन्य परिचालन मुद्दों पर भी चर्चा की गई और उन्हें स्पष्ट किया गया।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 04 फरवरी 2025

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नर्मदा जयंती की दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 4 फरवरी को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि मां नर्मदा का आशीर्वाद समस्त जीवों के कल्याण के लिए है। नर्मदा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समृद्धि की प्रतीक है। मां नर्मदा की निर्मल धारा जीवनदायिनी है और हमें जल संरक्षण का संदेश देती है। इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि जल संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत प्रयास करेंगे।



## वार्ड की जनता देखेगी विकास का नया स्वरूप : सतनाम सिंह पनाग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में नगरी निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। जिसमे प्रमुख पार्टियों ने कमर कस ली है। राजनैतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। बता दे की वार्ड क्रमांक 62 से सतनाम सिंह पनाग पर कांग्रेस पार्टी ने पुन: भरोसा करते हुए अपना प्रत्याशी बनाया है। ज्ञात होगी सतनाम सिंह प्रणाम मेरिन काउंसिल की सदस्य भी थे और अपना प्रथम पार्षद का सफल कार्यकाल समाप्त करने के बाद वह फिर से एक बार पार्टी की तरफ से चुनावी मैदान में है। बता दे की सतनाम सिंह पनाग लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और जनता से मिल रहे हैं। वार्ड क्रमांक 62 की जनता का आशीर्वाद सतनाम सिंह पन को मिल रहा है। मीडिया से चर्चा करते वक्त उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद यदि उन्हें मिलता है तो वह रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे और प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त करेंगे। साथ ही जनता एक नया स्वरूप विकास का देखेगी। सतनाम सिंह पनाग कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षदों में आते हैं जिन्हें पार्टी ने पुन: एक बार वोट 62 से अपना उम्मीदवार बनाया है।

## हीरापुर बोर्ड क्रमांक में होगा चहुमुखी विकास : विशाल पांडे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर में प्रत्याशियों ने नगरी निकाय चुनाव को जीतने के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। लगातार प्रत्याशियों द्वारा रैली निकालकर जनसंपर्क किया जा रहा है। बता दे की हीरापुर वार्ड क्रमांक एक से भाजपा प्रत्यासी विशाल पांडे को हीरापुर जारवा में भरपूर समर्थन मिल रहा है। ज्ञात हो की विशाल पांडे की रैली में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। कार्यकर्ताओं से चर्चा करते वक्त उन्होंने युवा नेता साथी हीरापुर जारवा के लाडले विशाल पांडे को अपना समर्थन देने की बात कही है। मीडिया से चर्चा करते वक्त भाजपा प्रत्यासी विशाल पांडे ने कहा कि जनसम्पर्क के दौरान जनता का समर्थन मिल रहा है। जनता से अनुरोध कर कहा की मतदान के दिन बढ़ - चढ़कर हिस्सा ले, और मोके देकर वार्ड की विकास गति को तेज़ करे।

## आम आदमी पार्टी प्रत्याशी पलविंदर सिंह पन्नू को मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नगरी निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कास ली है। बता दे की प्रमुख राजनीतिक पार्टी के द्वारा अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतरकर नगरी निकाय चुनाव में गर्माहट कर दी है। हीरापुर वार्ड क्रमांक एक में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी पलविंदर सिंह पन्नू लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और जन समस्याओं को सुन रहे हैं ज्ञात होगी पलविंदर सिंह पन्नू लोकसभा सचिव भी रहे हैं लगातार वह जनता की आवाज को उठाने का भी कार्य करते आए हैं।

मीडिया से चर्चा करते वक्त पलविंदर सिंह पन्नू सिंह पन्नू ने कहा कि चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत के बाद ट्रांसपोर्ट एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का कार्य करेंगे साथी बड़े बुजुर्गों को पेंशन देने का अधिकार उनके द्वारा किया जाएगा आगे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है उसी प्रकार एक मौका जन ता देकर देखे वार्ड का चौमुखी विकास किया जाएगा।

## प्रमोद कुमार साहू ने कहा- वार्ड की जनता का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में भाजपा ने 70 वार्ड में अपने प्रत्याशी उतार कर विगत सोमवार घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसके बाद प्रत्याशियों द्वारा भाजपा के विश्वास पात्र को लेकर जनसंपर्क कर जनता से मुलाकात कर रहे हैं। शहीद ब्रिगेडियर उस्मान बोर्ड 63 से भाजपा प्रत्याशी प्रमोद कुमार साहू जनता से मिलकर उन्हें अस्वस्थ कर रहे हैं और पुन: एक बार भाजपा पर भरोसा जताने की बात कह रहे हैं। मीडिया से चर्चा करते वक्त प्रमोद कुमार साहू ने कहा कि जनता पुन: एक बार भाजपा के प्रत्याशी पर भरोसा जताने के लिए तैयार हैं और बड़े बुजुर्गों का अभूतपूर्व समर्थन उन्हें मिल रहा है आने वाले समय में 11 तारीख को मतदान के दिन उन्होंने जनता से अनुरोध कर बढ़ चढ़कर मतदान करने का आग्रह किया है।

## आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द में कांग्रेस प्रत्याशी उमा चंद्रहास निर्मलकर का तूफानी जनसंपर्क

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आरडीए कॉलोनी बोरिया खुर्द रायपुर में कांग्रेस प्रत्याशी उमा चंद्रहास निर्मलकर का तूफानी जनसंपर्क, कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 की कांग्रेस प्रत्याशी उमा चंद्रहास निर्मलकर ने वार्ड की महिलाओं के साथ तूफानी जनसंपर्क किया काफ़ी धूप होने के बाबजूद भी महिलाओं ने अपने प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क कर समर्थन जुटाने मे उनका भरपूर साथ दिया अपने पुराने पार्षद को पुन: जीताने के लिए कालोनी वासियों ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया

## प्रीति परताले ने जनसंपर्क कर वार्ड की समस्या को जाना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर निगम के मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्रमांक 45 से भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्रीमती प्रीति परताले ने बांस टाल गणेश राम नगर में जनसंपर्क किया। वार्ड की समस्या को जाना एवम् वार्ड वासियों को भरोसा दिलाया कि आपका प्यार एवं आशीर्वाद मिला तो पार्षद बनते ही आपकी समस्या का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा जनसंपर्क में उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वार्ड वासी उनके साथ जनसंपर्क में साथ साथ चलते रहे एवं प्रीति दीदी एवं मीनल चौबे को जीताने के नारे लगाते रहे।

## राजेश गुप्ता को शंकर नगर वासियों का मिला भरपूर आशीर्वाद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजेश गुप्ता को शंकर नगर गोरखा कॉलोनी वासियों का भरपूर आशीर्वाद मिला। शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ने गोरखा कॉलोनी शंकर नगर में आज तूफानी दौरा किया कॉलोनी वासियों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया एवं पार्षद के रूप में चुनने का भरोसा दिलाया राजेश गुप्ता साथ में उनके समर्थक एवं वार्डवासी, शुभचिंतक कदम से कदम मिलाते हुए उनके लिए समर्थन जुटा रहे हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र अग्रवाल का सघन जनसंपर्क जारी, रैली का जगह-जगह फूल-मालाओं से हो रहा स्वागत

**रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में नगरी निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं। जिसमे प्रमुख पार्टियों ने कमर कस ली है। राजनैतिक पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। बता दे की महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी जितेंद्र अग्रवाल को जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा की पार्षद का पहला कार्यकाल में उन्होंने वार्ड में अभूतपूर्व विकास कराए है। यदि जनता का आशीर्वाद उन्हें पुन: मिलता है तो जनता को एक नया स्वरूप विकास का देखेगी। आगे चर्चा करते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त करेंगे। विगत सोमवार को उनके द्वारा वार्ड में कार्यालय का भी उद्घाटन वार्डवासियों के साथ किया गया। साथ ही सघन जनसंपर्क कर जनता से समर्थन मांगा। जनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी उत्साह देखने को मिली रहा है। रैली में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### शांतीलाल जी चोपड़ा का निधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** टैगोर नगर निवासी शांतीलाल जी चोपड़ा का निधन दिनांक 03-02-2025 को 11.45 बजे हो गया है। दिनांक 03-02-2025, सोमवार को दोपहर 3 बजे, टैगोर नगर निवास से मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार हुआ। वे-प्रेमचंद, रमेश, अशोक डॉ अजय, मुकेश चोपड़ा के भाई एवं अनिल कुचेरिया विजय गोलछा के साडू थे।

### छालीवुड अभिनेता राजेश अवस्थी का हार्ट अटैक से निधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छालीवुड अभिनेता और छग फिल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी का निधन हो गया है।

उन्हे हार्ट अटैक आया था राजेश अवस्थी भारतीय जनता पार्टी के साहित्यिक, सांस्कृतिक मोर्चा के संयोजक भी रह चुके हैं। कल देर रात गरियाबंद में उन्हे अटैक आया था और अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया। उनके भाई प्रकाश अवस्थी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार आज दोपहर 1 बजे महादेव घाट मोक्षधाम में किया जायेगा। बहुत ही हंसमुख चेहरा और मिलनसार व्यक्ति थे राजेश। बता दें कि राजेश अवस्थी गरियाबंद जिले के अमलीपदर गांव के रहने वाले थे। उनके भाई प्रकाश अवस्थी भी छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेता हैं। राजेश के निधन से छालीबुड में शोक की लहर है। सिनेमा से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी हैं। भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों ने भी राजेश के निधन पर शोक जताया है।

### अटल नगर नवा रायपुर में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के आदेशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा कल देर रात अटल नगर नवा रायपुर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाते हुए शहर के तीन प्रमुख स्थान श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें यातायात पुलिस एवं थाना तेलीबांधा, मंदिर हसौद एवं राखी स्टॉफ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 21 शराबी वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही करते हुए प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया।

## पॉवर कंपनी के अस्पतालों में खून की जांच की सुविधा उपलब्ध, मरीज भ्रमित न हों : डॉ. पंचारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के रायपुर स्थित अस्पतालों में खून की जांच की सुविधा उपलब्ध है। इस संबंध में कतिपय खबरों के संबंध में वस्तुस्थिति बताते हुए सीएमओ डॉ. एच.एल.पंचारी ने कहा है कि जिस मरीज को पैथोलॉजी जांच की आवश्यकता है, उसके लिए बहुस्तरीय समुचित व्यवस्था है।

डॉ. पंचारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा रायपुर में दो अस्पतालों का संचालन किया जाता है जिसमें से एक डंगनिया परिसर में स्थित है और दूसरा गुढ़ियारी परिसर में। गुढ़ियारी और डंगनिया दोनों परिसरों में बिना किसी भेदभाव के पॉवर कंपनी के कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी, चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी जांच की सुविधा चिकित्सालय में भी है और अनुबंधित चिकित्सालयों तथा लेबोरेटरीज में भी उपलब्ध है। पैथोलॉजी लैब की सुविधा गुढ़ियारी परिसर में भी है। किसी कारण से यदि डंगनिया में जांच नहीं हो पाये तो गुढ़ियारी में जांच का विकल्प उपलब्ध रहता है। जहां तक नई मशीन की खरीदी का सवाल है तो विगत डेढ़ वर्षों में विभिन्न चुनावों की आचार संहिता जैसे विषय भी थे और कुछ तकनीकी विषय भी थे। लेकिन इनका समाधान भी विगत माह कर दिया गया है तथा डंगनिया की मशीन भी चालू हालत में है। पुरानी मशीन के राइट ऑफ होने तथा नई मशीन की खरीदी के दौरान भी किसी सेवारत या सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी को कोई दिक्कत का प्रश्न नहीं था क्योंकि हमेशा ही पैथोलॉजी जांच के विकल्प उपलब्ध रहे है।

पॉवर कंपनी में केशलेस उपचार की सुविधा भी विगत कुछ वर्षों से है जिसका लाभ भी सेवारत तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त होता है। डॉ. पंचारी ने स्पष्ट किया है कि जिस किसी मरीज को पैथोलॉजी जांच से संबंधित कोई समस्या है तो वह चिकित्सकों से संपर्क कर सकता है।

## मैट्स यूनिवर्सिटी में बसंत पंचमी के अवसर पर हुआ सरस्वती पूजा का विशेष आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मैट्स विश्वविद्यालय में मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के अंतर्गत संचालित केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मुंडेजा के द्वारा कार्यक्रम की शुरूवात किया गया।

मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना चंद्राकर ने बताया कि केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने की परंपरा रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों सहित, मैट्स स्कूल ऑफ लाइब्रेरी साइंस के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका जायसवाल, ओमलता साहू, श्री संजय शाहजीत आदि उपस्थित थे।

## ऑटो एक्सपो में हर दिन कस्टमर का एक नया उत्साह

### क्विज प्रतियोगिता में हुए शामिल, बबल गेम का लिया मजा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** ऑटो एक्सपो 2025 आयोजन को साइंस कॉलेज मैदान में अट्ठारह दिन पूरे हो चुके हैं लेकिन वाहन खरीदने वालों का उत्साह किसी भी दिन कम नहीं हो रहा है। हर दिन एक नया ग्राहक वर्ग अपनी जरूरत की वाहन खरीदने पहुंच जा रहे हैं। निजी व सरकारी नौकरी, व्यावसायी, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील से लेकर हर पेशे से जुड़े लोग ऑटो एक्सपो में पहुंच जरूर रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो साल- दो -साल अपने वाहन का उपयोग कर रिफ्लेश कर देते हैं, वे अपनी इस जरूरत को इसलिए तब्दील कर रहे हैं क्योंकि यहां औसतन व्हीकल की कीमत पर फोर व्हीलर में लगभग 10 फीसदी, टू व्हीलर में 8 फीसदी और कमर्शियल में 10 फीसदी तक का लाभ मिल रहा है। फाइनेंस की आसान सुविधा भी है। युवा वर्ग न्यू मॉडल व ईवी को पसंद कर रहे हैं। वाहनों के अलावा एशेसरीज, फाइनेंस व अन्य मिलाकर करीब 200 स्टॉल यहां पर हैं। सोमवार को भी काफी अच्छी संख्या में यहां उपस्थिति दिखी। विजिटर्स के मनोरंजन के लिए आकर्षक इवेंट का भी रोजाना आयोजन एक्सपो में किया गया है।

राडा का फूल फार्म क्या है ये तो सब जानते है लेकिन एरियल वाशिंग पावडर व पारले जी बिस्किट का सही लोगो (निशान) क्या है बता पाने में असमंजस की स्थिति में दिखे ऑटो एक्सपो में पहुंचे ऐसे विजिटर्स जो कि क्विज प्रतियोगिता में शामिल होकर एंकर के सवालों का जवाब दे रहे थे। बड़ा ही मजेदार इवेंट था क्विज का, जिसमें वाहन से ही जुड़े नहीं बल्कि हर विषय को लेकर सवाल पूछे जा रहे थे। स्क्रीन पर डिसप्ले कर सवाल को आसान बनाने की कोशिश भी की जा रही थी। फिर भी कई सवालों में वे उलझ जा रहे थे। हां, ये जरूर देखने को मिला कि शत-प्रतिशत मौजूद लोगों ने बताया कि राडा मतलब रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन। वाहन कैसे चलाना है, परिवहन के नियमों का कैसे पालन करना है, यातायात पालन के कौन-कौन से निशान हैं..जैसे सुरक्षा के सवाल भ किए गए।

ऑटो एक्सपो में मैदान के बीचो-बीच बबल आर्टिस्ट का रोमांचित करने वाला गेम शो भी आकर्षित कर रहा है। इतनी खूबसूरती से बबल के घेरे में वह ले लेता है कि बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े उम्र के लोग भी इसका मजा ले रहे हैं। जब तक आप घेरे को छूने की कोशिश करोगे वह गायब हो जाता है।

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, कैंसर से बचाव करें : साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच व उपचार कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें कैंसर की रोकथाम, शीघ्र पहचान और प्रभावी इलाज के प्रति जनमानस को जागरूक करने का अवसर प्रदान करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354